# उल्टी-दस्त के साथ आ रहा बुखार लोगों का दूषित भोजन से पेट खराब

## सरकारी अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या, मंगलवार को 1559 मरीजों ने कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


जिला अस्पताल के दवा वितरण काउंटर पर मरीजों की लगी भीड़।

**अमृत विचार:** गर्मी के कारण उल्टी, दस्त से लेकर पेट में दर्द और फूड प्वाइजनिंग के मरीजों की संख्या जिला अस्पताल से लेकर निजी अस्पतालों में बढ़ रही हैं। सरकारी अस्पतालों में आने वालों में अधिकतर मरीज इन्हीं बीमारियों के है। मंगलवार को दवा लेने के लिए 1559 मरीज जिला अस्पताल पहुंचे। इनमें करीब 60 प्रतिशत मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, उल्टी, दस्त से लेकर पेट दर्द के थे, जबकि 40 प्रतिशत मरीज अन्य बीमारियों से लेकर समस्याओं के थे।

सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि इस समय जो मरीज आ रहे हैं, वह मौसम में बदलाव के हैं। तेज धूप के साथ गर्म हवाओं के चलने से जहां लोग लू से लेकर अन्य पेट में दर्द, डिहाइड्रेशन की चपेट में आ जा रहे हैं तो वहीं बारिश की वजह से अचानक ठंडा मौसम भी बीमारियों का कारण बन रहा है। इस तरह सर्दी और गर्मी बच्चों से लेकर बड़े और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है। मंगलवार को 1559 नए पंजीकरण हुए और करीब 500-600 मरीज पुराने पर्चे पर देखे गए। इनमें अधिकतर मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, उल्टी दस्त, सिर व पेट में दर्द, अपच, खट्टी डकारें आना बता रहे हैं। खुले बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करने एवं अशुद्ध पेयजल की वजह से फूड प्वाइजनिंग की भी समस्या हो रही है। उधर, बच्चे भी उल्टी दस्त से लेकर बुखार की चपेट में आ रहे हैं। गंभीर हालत में आने वाले मरीजों को वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

### बीमारियों से बचने के लिए खानपान में बरतें सावधानी

1. खुले और गंदगी में बिकने वाली खान पान सामग्री का इस्तेमाल करने से बचें।
2. सुबह घर से नाश्ता करके ही निकलें, धूप में सिर ढके रहें, आंखों पर काला चश्मा लगाएं।
3. चुस्त कपड़े पहनने की बजाय हल्के रंग के सूत्री वस्त्र पहनें
4. यदि जरूरी न हो तो दोपहर 12 से चार के बीच घर में ही रहें।
5. भोजन में दाल, हरी सब्जियां, दही, चपाती, आदि शामिल करें।
6. दिन भर में करीब 500 ग्राम सलाद अवश्य खाएं। इसमें टमाटर, खीरा, ककड़ी, प्याज, रसदार फल शामिल करें।
7. नीबू पानी छाछ, शिकंजी, लस्सी, शरबत नारियल पानी का सेवन करें।

## डॉक्टर बनना चाहता है शरद कुमार वर्मा

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार:** कुंभी ब्लाक की ग्राम पंचायत छितौनियां की क्षेत्र पंचायत सदस्य ममता वर्मा, अमरीश वर्मा के पुत्र शरद कुमार वर्मा ने श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में शिक्षा ग्रहण कर सीबीएसई बोर्ड इण्टर विज्ञान वर्ग में 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज टाप किया है। वह डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहता है। शरद वर्मा का बड़ा भाई डॉ रजत वर्मा बीएमएस कर बरेली के गंगाशील अस्पताल में डॉक्टर है। बहन रूपाली वर्मा आर्यावर्त बैंक में वरिष्ठ लिपिक के पद पर कार्यरत है। सम्पन्न परिवार के शरद वर्मा प्रारंभिक शिक्षा से ही मेधावी रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं की वर्तमान हालातों पर चिंतित शरद वर्मा का सपना डॉक्टर बनकर समाज सेवा करने का है। शरद ने बताया कि उनके बाबा स्वर्गीय राजाराम वर्मा गांव ही नहीं क्षेत्र में समाजसेवी माने जाते रहे। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलकर चिकित्सा के क्षेत्र में समाजसेवा करना चाहते हैं। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है।


शरद वर्मा का मुंह मीठा कराते माता-पिता।

### एबलॉन पब्लिक स्कूल: संस्कृति व गुरमान बने टॉपर

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**, अमृत विचार : एबलॉन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड से जारी रिजल्ट में 12वीं के गुरमान सिंह ने 93 प्रतिशत और 10वीं में संस्कृति तिवारी ने 92.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉपर बने हैं। जबकि 12 वीं में 92.2 फीसद अंक लाकर हिम गुप्ता और दसवीं में 90.4 फीसद अंक लाकर मानसी निषाद दूसरे नंबर पर रहीं हैं।

## सेंट जॉन्स स्कूल में शिवानी ने 12वीं में किया कॉलेज टॉप

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


शिवानी मिश्रा।


ऋषभ श्रीवास्तव।

**अमृत विचार:** सीबीएसई बोर्ड के 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित होने पर नगर स्थित सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की इंटरमीडिएट परीक्षा में शिवानी मिश्रा ने 92.8 प्रतिशत और हाईस्कूल में ऋषभ श्रीवास्तव ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज टॉप किया है।

### सेंट जांस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर के टॉप-5

1. शिवानी मिश्रा–92.8 प्रतिशत
2. एकलव्य वर्मा–91.6 प्रतिशत
3. सानिया साहनी–90.02 प्रतिशत
4. केशप्रीत कौर–89.02 प्रतिशत
5. मानस गुप्ता–88.8 प्रतिशत

### हाईस्कूल के टॉप-5

1. ऋषभ श्रीवास्तव–94.2 प्रतिशत
2. दुर्गेश वर्मा–93 प्रतिशत
3. शौर्य अग्निहोत्री–93 प्रतिशत
4. अतीफा खानम–92.4 प्रतिशत
5. शाश्वत पटेल–92.2 प्रतिशत
6. वत्सल पाठक–91.6 प्रतिशत

### श्री राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में इंटरमीडिएट के टॉप-5

(विज्ञान वर्ग)

1. शरद कुमार वर्मा–93.6 प्रतिशत
2. अनुदेश मोहन मिश्र–92.8 प्रतिशत
3. अनुष्का बाथम–91.8 प्रतिशत
4. श्रेया सिंह नायक–89.4 प्रतिशत
5. दीपक वर्मा–87.4 प्रतिशत

### वाणिज्य वर्ग इंटर के टॉप-5

1. संग्राम सिंह–85.2 प्रतिशत
2. जगप्रीत कौर–84.6 प्रतिशत
3. गौरी सिंह–84.4 प्रतिशत
4. काव्या गुप्ता–80.8 प्रतिशत
5. अरविंद कुमार–78 प्रतिशत

### हाईस्कूल के टॉप 5

1. अथर्व सिंह–92.6 प्रतिशत
2. मोहम्मद शमी–91 प्रतिशत
3. वाणी श्रीवास्तव–91 प्रतिशत
4. उमम फरीद–90.8 प्रतिशत
5. मनप्रीत–90.6 प्रतिशत
6. खुशबू–90 प्रतिशत

## विद्यालय के मेधावियों को खिलाई मिठाई और दी शुभकामनाएं


पंडित दीनदयाल कॉलेज में मेधावियों का मुंह मीठा कराते प्रधानाचार्य व प्रबंधक।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान ने विद्यालय का नाम रोशन करने वाले मेधावियों का मुंह मीठा कराकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। बारहवीं में नितेश वर्मा 93.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के टॉपर हैं तो वहीं दसवीं में 96.4 प्रतिशत अंक लाकर शिवांश मिश्रा ने विद्यालय टॉपर के साथ जिले की टॉप टेन सूची में चौथे स्थान पर हैं।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज के मेधावी

| कक्षा-12 | | कक्षा- 10 | |
|---|---|---|---|
| 1. नितेश वर्मा | 93.2 | 1. शिवांश मिश्रा | 96.4 |
| 2. प्रांजल श्रीवास्तव | 92.2 | 2. अखंड प्रताप सिंह | 94.8 |
| 3. प्रशांत दीप वर्मा | 91.8 | 3. निशांत दीप वर्मा | 93.4 |
| 4. अभिषेक बाजपेयी | 91.2 | 4. आयुष वर्मा | 93.2 |
| 5. अनिकेत पांडेय | 91 | 5. दिव्यांश पटेल | 93 |

### सीए बनेगा नितेश



पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज के 12वीं के टॉपर नितेश वर्मा ने बताया कि उसका सपना सीए बनना है। कैमहरा देवरिया निवासी नितेश के पिता जमुना प्रसाद वर्मा ग्राम रोजगार सेवक और मां नीरू देवी गृहणी हैं।

### टॉप10 में चौथे नंबर पर हैं रानी अदिति रस्तोगी



केंद्रीय विद्यालय की छात्रा रानी अदिति रस्तोगी ने दसवीं में 96.6 प्रतिशत अंक लाकर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है। गढ़ी रोड निवासी पिता श्याम रस्तोगी ने बताया कि बिटिया ने परिवार का नाम किया है।

### चिल्ड्रेंस एकेडमी 12वीं में आरुषी व 10वीं में धैर्य ने किया टॉप

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बांकेगंज रोड स्थित चिल्ड्रेंस एकेडमी का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कालेज के प्रधानाचार्य अजय कृष्ण आनंद ने बताया कि इंटर मीडिएट में आरुषी सक्सेना ने 90 प्रतिशत और हाईस्कूल में धैर्य पटेल ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज टाप किया है।


आरुषी सक्सेना।


धैर्य पटेल।

#### 12वीं के टाप फाइव

1. आरुषी सक्सेना 90 प्रतिशत
2. इशू वर्मा 89.4 प्रतिशत
3. हर्षित शर्मा 88.8 प्रतिशत
4. प्रभुजोत कौर 88.4 प्रतिशत
5. दिव्यांशी राठौर 86.4 प्रतिशत

#### 10वीं के टाप फाइव

1. धैर्य पटेल 95.8 प्रतिशत
2. हेमंत भट्ट 95.4 प्रतिशत
3. वृद्धि जैन 93.8 प्रतिशत
4. आस्था गुप्ता 91.6 प्रतिशत
5. जागृति जग्गी 91.4 प्रतिशत

## गोल्डन फ्लावर स्कूल की मनप्रीत ने किया टॉप

▸▸ अन्य विद्यालयों के मेधावी छात्र भी रहे उत्तम

संवाददाता पलिया कलां।


मनप्रीत बालिया के साथ गोल्डन फ्लावर स्कूल के एमडी जसमेल सिंह व अन्य स्टाफ।

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम में पलिया के गोल्डन फ्लावर सीनियर सेकेंड्री स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा मनप्रीत बालिया ने 96.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय, तहसील एवं जनपद को गौरवान्वित किया है। वहीं नगर व क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक लाकर विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

गोल्डन फ्लावर स्कूल के एमडी जसमेल सिंह मांगट व प्रधानाचार्य श्याम महेंद्रू ने बताया कि विद्यालय की छात्रा मनप्रीत बालिया ने 96,6% अंक, अंश गुप्ता ने 93% देवांगन बाजपेई ने कक्षा 12 की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। कक्षा 10 में छात्रा दामिनी गुप्ता ने 93%, चेष्टा अग्रवाल ने 91% व ग्रिशा दत्त ने 88% अंक पाए हैं। विद्यालय की अध्यक्ष हरदीप कौर, उपाध्यक्ष अमनप्रीत सिंह मांगट, रमनजीत कौर व प्रधानाचार्य श्याम महेंद्रू आदि ने श्रेष्ठ अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की। नगर के दून स्कूल के एमडी जगत चौधरी ने बताया कि विद्यालय की छात्रा अदिति अग्रवाल ने कक्षा 10 में 90% अंक लाकर विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं। छात्र अभिमत्य ने 89% एवं अर्शप्रीत ने 87% अंक हासिल किए। इंटरमीडिएट में छात्र सार्थक गर्ग ने 90%, कमल त्रिपाठी ने 89% और तेजस मिश्रा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के एमडी जगत चौधरी, डिप्टी मैनेजर प्रणव चौधरी, प्रधानाचार्य रतन सिंह मेहरा ने बच्चों को शाबाशी प्रदान की। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मुरारखेड़ा के उपप्रधानाचार्य दीपक सक्सेना ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र हरमन सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी बल फॉर्म ने 88% अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया। प्रियंका राजपूत ने 82.2 प्रतिशत एवं खनन शाही ने 79.2% अंक प्राप्त किए हैं। हाई स्कूल का रिजल्ट भी उन्होंने अच्छा रहने की बात कही। गुरु तेग बहादुर सीनियर सेकेंड्री स्कूल महंगापुर के मैनेजर सर्वजीत सिंह के अनुसार विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा परभजीत कौर पुत्री जोगा सिंह निवासी आजाद नगर घोला ने 93% अंक लाकर कक्षा 12 में टॉप किया, जबकि छात्र हरमन सिंह पुत्र शिलप्रीत सिंह निवासी विक्रमवन, गदनियां ने 87.4% अंक कक्षा 10 की परीक्षा में प्राप्त किए। हाई स्कूल में विद्यालय का परीक्षा फल 99% और कक्षा 12 में 92.4% रहा।

## राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में चार दिवसीय द्वितीय इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोला पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबन्धक बीए खान ने फीता काटकर किया। राजेंद्र गिरि मेमोरियल एकेडमी में शुरू हुए चार दिवसीय द्वितीय इंटर स्कूल चैम्पियनशिप टूर्नामेंट में नौ विद्यालयों की टीमां ने भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमें विद्या निकेतन ने टास जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 69 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए विद्या मंदिर की टीम निर्धारित ओवरों में चार विकेट खोकर 66 रन बना सकी। जिससे विद्यानिकेतन की टीम तीन रनों से जीत दर्ज की। दूसरा मैच जीडी मेमोरियल और एसबीएस रेहरिया के बीच खेला गया, जिसमें जीडी मेमोरियल स्कूल की टीम विजयी रही। दोनों मैचों में अंपायर सुनील बाजपेयी, संगम गुप्ता, कमेंट्री रोहित शुक्ला और प्रखर मिश्र, स्कोरर सुनील शुक्ल और विकास बाजपेयी ने किया। एमडी मोहित पुरी, प्रधानाचार्य मुदित शाह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक विधायक अमन गिरि ने फोन पर टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी टीमों को बधाई दी। पीटीआई कमाल अहमद, मीडिया प्रभारी राजीव प्रकाश शर्मा और निधि सिंह ने बताया कि बुधवार को टूर्नामेंट में तीन मैच राजेंद्र गिरि मेमोरियल बनाम यूडीसीए, सेंट जांस सीनियर सेकेंडरी बनाम गोला पब्लिक स्कूल और डीजी मेमोरियल बनाम चिल्ड्रेंस एकेडमी के बीच खेले जाएंगे।

### जंगली पशुओं के हमले में दो घायल

**पसगवां, अमृत विचार :** जंगली पशुओं के हमले में एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। मोहम्मदी कोतवाली के गांव ढखियाजोगी निवासी 60 वर्षीय गुड्डू मंगलवार को शाम चार बजे खेत में घास काट रहे थे। अचानक पीछे से जंगली सुअर ने हमला कर दिया, जिससे गुड्डू गंभीर घायल हो गए। जिला हरदोई के थाना मझिला के ग्राम कूंचीखेड़ा निवासिनी 60 वर्षीय सुषमा गांव में ही गेहूं की फसल एकत्र कर रहीं थीं। दोपहर बाद तीन बजे सियार ने महिला पर हमलावर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे महिला का चेहरा-हाथ जख्मी हो गया। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### पीआरवी की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**संवाददाता, मूड़ा सवारान। अमृत विचार :** आपातकाल से बचने के लिए डायल 112 की सेवा शुरू होने से लोगों को काफी मदद मिल रही है। आगजनी की घटनाओं में क्विक रिस्पांस के चलते हालात पर काबू पाया जा रहा है। भीरा थाना क्षेत्र के गांव कमियापुर में एक मकान के किचन में रखे सिलेंडर में आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची 112 डायल ने 15 मिनट में हालात पर काबू पा लिया। भीरा थाना क्षेत्र के कमियापुर ग्राम में सोमवार को सुनील कुमार के घर में एक धार्मिक कार्यक्रम की तैयारियां चल रही थी। मेहमानों के लिए शाम को भोजन बनाने के लिए गैस चूल्हा जलाया तो उससे आग धधक उठी। घबराये परिजन मेहमान सहित आग आग चिल्लाते हुए बाहर की तरफ भागे और डायल 112 की पीआरवी टीम को आग की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पीआरवी टीम ने साहस का परिचय देते हुए जलता सिलेंडर पर बमुश्किल काबू पाया। हेड कांस्टेबल अवधेश कुमार, कांस्टेबल अरविंद रावत, पीआरवी 2869 के चालक धीरज शुक्ला ने जाबाजी दिखाते हुए सबकी जान बचाने में अहम भूमिका अदा की।

### छुट्टा पशु को बचाने में पेड़ से टकराई कार

**संवाददाता, मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर गांव लखहा भूड़ के पास सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशु को बचाने में एक बुलेरो कार सड़क के किनारे जाकर पेड़ से जा टकराई, जिसमें ड्राइवर गंभीर घायल हो गया, जिसे ओयल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पडरिया तुला निवासी प्रेम गुप्ता की कार लोक सभा चुनाव मोहम्मदी क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी में थी, जिसे उन्ही के पुत्र आरजू गुप्ता चला रहे थे। देर रात लखीमपुर से वापस आते समय लखहा भूड़ के पास पहुंचते ही कार के सामने अचानक से छुट्टा पशु आ गए जिन्हें बचाने के चक्कर में कार पेड़ से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार चला रहे आरजू को भी गंभीर चोटें आईं, इसकी जानकारी फोन द्वारा आरजू ने अपने परिजनों को घर पर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरजू की हालत गंभीर देखते हुए अपने निजी वाहन से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ओयल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हालत बिगड़ी, रेफर

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर के कुम्हारन टोला निवासी राजेंद्र प्रसाद का पुत्र सुनील कुमार (32) ने जहरीले पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# सीबीएसई बोर्ड : छात्रों को मिलेगा अंकों का सत्यापन कराने का अवसर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं के छात्रों को अंकों के सत्यापन से लेकर उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी और प्रश्नों के पुनर्मूल्यांकन का मौका दिया है। इसमें वेरिफिकेशन ऑफ मार्क्स के लिए आवेदन करने वाले छात्र ही उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन कर पाएंगे और इसके बाद ही प्रश्नों के पुनर्मूल्यांकन का आवेदन होगा। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 17 और 20 मई से प्रारंभ होगी। बोर्ड ने इसके लिए 100 से लेकर 700 रुपये का शुल्क निर्धारित किया है।

सीबीएसई बोर्ड ने सोमवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया। इसको लेकर तमाम छात्र छात्राएं बेहद खुश हैं तो वहीं कुछ छात्र छात्राएं रिजल्ट को लेकर बेहद असंतुष्ट हैं। छात्रों का मानना है कि नंबर कम मिले हैं। ऐसे असंतुष्ट छात्रों के लिए बोर्ड ने कॉपियों का सत्यापन से लेकर प्रश्नों का पुनर्मूल्यांकन कराने का एक अवसर दिया है। इसके तहत छात्र छात्राएं उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने से लेकर प्रश्नों के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेगें। इसके लिए छात्रों को सिर्फ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। दसवीं के लिए आवेदन जहां 20 मई से 24 मई तक होंगे तो वहीं बारहवीं के लिए आवेदन 17 से 21 मई की मध्य रात 11:49 तक होंगे।

### ऑनलाइन आवेदन की तिथि

| कक्षा-10 | कक्षा- 12 |
|---|---|
| वेरिफिकेशन ऑफ मार्क्स – 20 से 24 मई तक | वेरिफिकेशन ऑफ मार्क्स– 17 से 21 मई तक |
| निर्धारित शुल्क– 500 रुपये प्रति विषय | निर्धारित शुल्क– 500 रुपये प्रति विषय |
| उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी के लिए– 4 से 5 जून | उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी के लिए– 1 से 2 जून |
| निर्धारित शुल्क– 500 रुपये प्रति उत्तर पुस्तिका | निर्धारित शुल्क– 700 रुपये प्रति उत्तर पुस्तिका |
| पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन – 9 से 10 जून | पुनर्मूल्यांकन के लिए– छह से सात जून |
| निर्धारित शुल्क– 100 प्रति प्रश्न | निर्धारित शुल्क– 100 प्रति प्रश्न |

### आवेदन का यह है नियम

सीबीएसई बोर्ड के सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि जो नंबरों को लेकर असंतुष्ट छात्र छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मगर, इसके लिए छात्रों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि वेरिफिकेशन ऑफ मार्क्स के लिए आवेदन करने वाले छात्र छात्राएं ही उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी के लिए आवदेन कर पाएगें और इसके बाद ही वह पुर्नमूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकेगें। कुल मिलाकर नंबरों से असंतुष्ट छात्रों को पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन के तीनों चरण अपनाने होगें।


आवश्यकता है
अमृत विचार, लखनऊ को इलेक्ट्रीशियन की
PLC वेस प्रिंटिंग मशीन की जानकारी हो
अनुभव :- न्यूनतम 3 से 5 वर्ष का
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
9518031113, 96516 43339
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
ऑफिस : 25/16ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ - 226001 (उ.प्र.)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि मेरा नाम **विनोद कुमार पाण्डेय पुत्र राम शंकर पाण्डेय निवासी ग्राम पो ककवन कानपुर** है। लेकिन बैंक खाते विनोद कुमार पुत्र राम शंकर दर्ज है। लेकिन मेरा सही नाम विनोद कुमार पाण्डेय ही है। अतः इसी नाम से मुझे जाना जाय।

सूचना
सूचित करना है कि मेरी पालिसी संख्या 214727295 में मेरा नाम चंद्र शेखर सिंह दर्ज है, जबकि बैंक पासबुक, आधारकार्ड में मेरा नाम शेखर सिंह है। अतः चंद्र शेखर सिंह व शेखर सिंह दोनों नाम मेरे हैं और अब से मुझे **शेखर सिंह पुत्र पवन कुमार सिंह, निवासी–पश्चिम पुरवा मुजेड़ बेलसर, तहसील– तरबगंज जिला गोंडा** के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

सूचना
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र बमबहादुर को गलत चाल– चलन के कारण अपनी चल– अचल संपत्ति एवं संबंधों से बेदखल करता हूं। इनके किसी कृत्य से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। – प्रेमलाल यादव पुत्र मनीराम यादव, निवासी– ग्राम– जैतापुर , तहसील – तुलसीपुर, जिला– बलरामपुर

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम राजेश अग्रवाल था। वर्तमान में मैंने अपना नाम राजेश कुमार अग्रवाल रख लिया है भविष्य में मुझे राजेश कुमार अग्रवाल के नाम से जाना पहचाना जाये।– **राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र बृजमोहन लाल अग्रवाल पता भटनागर कालोनी वार्ड द्वारिकापुरी लखीमपुर खीरी**

सूचना
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ZAHIDA BEGAM W/O MOHD YAHYA D/O MOHAMAD IDOO था। जो कि आज दिनांक 30.04.2024 को मैंने अपना नाम बदलकर ZAHIDA KHATOON W/O MOHD YAHYA D/O MOHAMAD IDOO **निवासी– मोहल्ला– काजीपुरा उत्तरी, थाना को0 नगर जनपद बहराइच** रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम जाना व पहचाना जाये।

सूचना
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र राहुल कुमार मिश्र व रोहित कुमार मिश्र हैं और बालिग है मेरे बड़े पुत्र राहुल कुमार मिश्र का चाल चलन ठीक नहीं है और परिवार के सदस्यों व मुझे प्रताड़ित करता है। मैं अपने बड़े पुत्र से त्रस्त होकर उसे अपने संपत्ति से बेदखल करता हूं, उसके किसी कार्य से हमारा कोई वास्ता नहीं है। **–विंदेश्वरी प्रसाद मिश्र पुत्र राजमन, हरनाटायर, मनकापुर गोंडा**

NOTICE
I, Jamuna Prasad S/o Late Ram Krishna R/o- 12/702, Indira Nagar Lucknow do and hereby declare that original Allotment letter for Plot No- E-1334/II-529 situated within Omaxe City (Aurangabad Khalsa) issued on 20.03.2009 has been lost. Original Allotment letter was issued by Omaxe Ltd. for First purchaser (Allotte) Mrs. Punam Gupta W/o Sanjeev Kumar. An FIR has been lodged in respect of loss original Allotment letter vide F.I.R. No- 20240000367624 dated 08.05.2024 by Jamuna Prasad who purchased the Plot on Re-sale.

NOTICE
I, Jamuna Prasad S/o Late Ram Krishna R/o- 12/702, Indira Nagar, Lucknow, do and hereby declare that original Allotment letter for Plot No- E-1333/II-528 situated within Omaxe City (Aurangabad Khalsa) issued on 20.03.2009 has been lost. Original Allotment letter was issued by Omaxe Ltd. for First purchaser (Allotte) Sanjeev Kumar S/o Late L.L. Gupta. An FIR has been lodged in respect of loss original Allotment letter vide F.I.R. No- 20240000367638 dated 08.05.2024 by Jamuna Prasad who purchased the Plot on Re-sale.

# एबीसी केबिल जलने से शक्ति नगर फीडर रहा बंद, लोग हुए बेहाल

## तीन घंटे तक फीडर से जुड़े सभी मोहल्लों की बिजली गुल रही, शाम को चालू हुई आपूर्ति

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के प्रेम नगर मोहल्ले में ओवर लोड होने के कारण एबीसी केबिल धू धू कर जलने लगी। काफी देर तक केबिल जलती रही। जिस पर बिजली विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर शक्ति नगर फीडर की आपूर्ति बंद कर आग बुझाई गई। इस दौरान तीन घंटे तक फीडर के सभी मोहल्लों की बिजली गुल रही। वहीं कंचन नगर में ट्रांसफार्मर की लीड कटने से घंटों बिजली गुल रही।

मंगलवार दोपहर दो बजे प्रेम नगर स्थित चित्रांश स्कूल के पास एबीसी केबिल हीट होने के कारण उसमें आग लग गई। काफी देर तक तेज स्पार्किंग के साथ एबीसी लाइन धू धू कर जलती रही। जिससे आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। जिस पर शक्ति नगर फीडर की आपूर्ति बंद की गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने किसी तरह जल रही केबिल की आग बुझाई। इस दौरान नई एबीसी केबिल डालने का कार्य किया गया। शाम करीब पांच बजे कार्य पूरा हुआ। इस दौरान शक्ति नगर फीडर के कई मोहल्लों की बिजली गुल रही। वहीं कंचन नगर में 400 केवीए ट्रांसफार्मर की लीड कटने से सुबह 7 बजे से सैकड़ों घरों की बिजली सप्लाई बंद हो गई। दिन करीब ग्यारह बजे ट्रांसफार्मर की मरम्मत होने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी।


कंचन नगर में लगा ट्रांसफार्मर।

### 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगने से 14 घंटे नहीं आएगी बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर वासियों को गर्मी में भरपूर बिजली देने के लिये बिजली विभाग ने नया दस एमवीए का ट्रांसफार्मर मंगवाया है। जो आज बुधवार को सब स्टेशन में लगाया जायेगा। जिसके लिये पश्चिमी क्षेत्र की 14 घंटे और फीडर दो, तीन, पांच की आठ घंटे बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता सूर्योदय कुमार ने मंगलवार को प्रेस विज्ञिप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को सरैयां सब स्टेशन में नया 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। जिसके लिये शुक्लागंज सबस्टेशन से होने वाली सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान फीडर दो, तीन और पांच की आठ घंटे बिजली गुल रहेगी। वहीं गंगाघाट टाउन की सप्लाई सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक बंद रखी जायेगी। जिससे पश्चिमी क्षेत्र के दर्जनों मोहल्लों की चौदह घंटे बिजली बंद रहेगी।

### साढ़े छह करोड़ की लागत से एक और विद्युत सब स्टेशन बनेगा

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्लागंज की बढ़ती आबादी और अधिक कनेक्शन होने के कारण उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है। वहीं फीडर एक और दो की आपूर्ति गोकुल बाबा से होती है। कई बार दोनों फीडरों में फाल्टों और अधिक लोड होने के कारण घंटों बिजली गुल रहती है। उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुये बिजली विभाग ने नगर में एक और विद्युत सब स्टेशन बनाये जाने को लेकर शासन को पत्र भेजा है। इसके लिए विभाग ने जमीन की भी तलाश शुरू कर दी है। फीडर एक और दो की आपूर्ति मगरवारा स्थित गोकुल बाबा सब स्टेशन से आपूर्ति होती है। इसी क्षेत्र में कई नये मकान बनने के साथ ही तेजी से सब स्टेशन पर लोड बढ़ रहा है। जिससे इस फीडर की बिजली व्यवस्था गर्मी में बेपटरी हो जाती है। कई बार गर्मियों में दस से बारह घंटे तक फाल्ट होने के कारण बिजली गुल रहती है। जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं विभाग की माने तो शुक्लागंज से गोकुल बाबा सब स्टेशन दूरी पर है, ऐसे में रात के समय 11 हजार और 33 हजार लाइन में फाल्ट होने से उसे ढूंढने में भी मशक्कत करनी पड़ती है। जिसे देखते हुये एक्सईएन सूर्योदय कुमार की संतुति एक और नये सब स्टेशन को बनाये जाने के लिये शासन को पत्र भेजा गया है। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि शुक्लागंज में एक और नया विद्युत सब स्टेशन बनाने के लिये साढ़े छह करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। सब स्टेशन बनाये जाने के लिये मरहला चौराहा और आजाद मार्ग पर जगह की तलाश की जा रही है। सब स्टेशन बनने से इन फीडरों में रहने वाले उपभोक्ताओं को बिजली की परेशानी से निजात मिल सकेगी।

# सड़क हादसों में पांच लोग हुए घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में पांच व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई।

कस्बा सफीपुर निवासी मुकेश (33) पुत्र माता प्रसाद मंगलवार को बाइक से बांगरमऊ आ रहा था। तभी उन्नाव-हरदोई मार्ग पर भिखारीपुर रुल्ल गांव के मोड़ पर तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गया। इस पर उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक इलाज के उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं नगर के मोहल्ला तकिया निवासी गणेश (35) पुत्र स्व. परमेश्वरदीन किसी काम से बिल्हौर बाईपास मार्ग की ओर गए थे। तभी अचानक सामने आए आवारा मवेशी को बचाने में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसी तरह उन्नाव-हरदोई मार्ग पर स्थित हरियाली पेट्रोल पंप के पास हरदोई जिला के लालू (33) वर्ष की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। सड़क पर गिर घायल हो गये। एक अन्य दुर्घटना में कस्बा फतेहपुर चौरासी निवासी कासिम हुसैन (18) भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे भी इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से उसे डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# बसपा को लड़ाई से बाहर बता रहे आम मतदाता

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- अनुसूचित मतदाता सफलता दिलाने में साबित होंगे अहम
- सीधे मुकाबले में फुस्स हो रहे बसपा के जीत के दावे


भाजपा प्रत्याशी डॉ. साक्षी महाराज। सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन। बसपा प्रत्याशी अशोक कुमार।

**अमृत विचार।** मतदान होने के साथ चुनाव प्रचार की व्यस्तता समाप्त हो चुकी है। इसलिए अब लोग जगह-जगह बैठकर हार-जीत के अनुमान आधारित दावे कर रहे हैं। मतदान के बाद लोगों ने बसपा को पूरी तरह लड़ाई से बाहर कर रखा है। यानी भाजपा (राजग) और (इंडिया) गठबंधन के प्रत्याशियों डॉ. साक्षी महाराज व अन्नू टंडन के बीच सीधा मुकाबला है।

त्रिकोणात्मक मुकाबले में भाजपा आसानी से किला फतेह करने में कामयाबी हासिल कर लेती है, लेकिन इस बार आमने-सामने की टक्कर में जहां भाजपा को फूटी आंख न पसंद करने वाला मुस्लिम वोट बैंक में बंटवारा की गुंजाइश नहीं रही। वहीं बसपा प्रत्याशी पार्टी का परंपरागत वोट बैंक भी नहीं समेट सके, जबकि यादव सहित कुछ पिछड़ी जातियों का साथ सपा प्रत्याशी को मजबूत बनाता है। वहीं भाजपा प्रत्याशी सजातियों को लामबंद करने में काफी हद तक सफल रहे, जबकि भाजपा की वोट बैंक कही जाने वाले स्वर्ण मतदाता विकल्प के अभाव में अंततः निवर्तमान सांसद को चुनावी रूप से मजबूत बनाने को मजबूर रहे। लोगों का कहना है कि मुस्लिम व यादव सहित अन्य जातियां सपा को मजबूत स्थिति में पहुंचा रही हैं। हालांकि पिछले चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान सांसद को मिले करीब तीन लाख मतों की लीड का स्मरण कराते ही वह अनुत्तर होने लगते हैं। वहीं भाजपाई दावा करते हैं कि पार्टी के प्रत्याशी को ढाई लाख से अधिक सजातीयों सहित सवर्णों का वोट ही जीत दिलाएगा, जबकि अन्य पिछड़ी जातियों का वोट भी भाजपा को मिला है।

### साक्षी महाराज को धमकी देने वाले को हुई सजा

**लखनऊ, विधि।** जनपद के सांसद साक्षी जी महाराज को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले मे दोषी करार दिये गये आरोपी मो. गफ्फार को एटीएस के विशेष मजिस्ट्रेड प्रदीप यादव ने तीन माह छह दिन की सजा सुनाई है। अदालत में एटीएस की ओर से अभियोजन अधिकारी राजेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि उन्नाव के सांसद साक्षी जी महाराज को उनके मोबाइल पर 16 व 17 अक्टूबर 2019 को अज्ञात नंबर से अभद्र व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर बम से उड़ा देने की धमकी दी गई थी। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस के उच्चाधिकारी से की थी। गहन छानबीन एवं टेलीफोन सेवा प्रदाता कंपनियों से जानकारी के बाद पता चला कि आरोपी ने कुवैत में रहने के दौरान अपने फोन से सांसद साक्षी महाराज को कई बार फोन करके बम से उड़ाने की धमकी देते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। अदालत को बताया गया कि आरोपी जिस आईएमईआई नंबर से फोन मे धमकी देने वाला सिम लगा कर बात कर रहा था, उसी फोन के साथ उसको लखनऊ के थाना बिजनौर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। एटीएस द्वारा आरोप पत्र दाखिल करने के बाद मुकदमे की गवाही के दौरान आरोपी ने न्यायालय के समक्ष अपने जुर्म का स्वीकार कर लिया। जिसके बाद आरोपी को जेल में बिताई अवधि 3 माह 6 दिन के कारावास व पांच हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई।

# बीएलओ ने जीवित लोगों को बना दिया मृत

**लापरवाही**

सोहरामऊ संवाददाता उन्नाव

- नाम कटने की वजह से मतदान करने से वंचित रह गये तमाम मतदाता

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में विकासखंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत निबहरी में बीएलओ द्वारा अकारण लगभग 50 वोट जो ग्रामीण गांव में आज भी निवास करते हैं। हमेशा वोट करते रहे हैं। उनका वोटर लिस्ट से नाम काट दिया गया। जिससे वह मतदान करने से वंचित रह गये। ग्रामीणों ने बताया बीएलओ से जब जानकारी चाही तो कोई सार्थक जवाब नहीं दे सके। किस वजह से उन ग्रामीणों के नाम वोटर लिस्ट से गायब हुए क्या कारण रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड नवाबगंज की ग्राम पंचायत निबहरी कल्याणपुर के मूल ग्रामीणों में प्रदीप सिंह पुत्र रामकरन, विमला पत्नी सूर्यकरन सिंह, अंकुर सिंह पुत्र सूर्यकरन सिंह, रोहित सिंह पुत्र शिवकमल सिंह, धीरज सिंह पुत्र श्यामसुंदर, सुभम सिंह पुत्र अयोध्या सिंह, अभ्येंद्र सिंह पुत्र रामचंद्र सिंह, चंद्रशेखर सिंह पुत्र रामबहादुर सिंह, शीला कश्यप पत्नी संतोष, नंहकी देवी पत्नी केशन, पृथ्वीपाल पुत्र मोहनलाल, मोतीलाल पुत्र गुरुप्रसाद, बिंदा देवी पत्नी चतुरी, रामबाबू पुत्र सुंदर, राजरानी पत्नी राजू, अनीता पत्नी गोविंद, सुरेश कुमार पुत्र नोखे, शिवकुमार पुत्र भगौती, फूलकुमारी पत्नी किसन, गंगासागर पुत्र सुंदर, ललतू पुत्र श्रीराम, रफी पुत्र मोहबति, उमावती पत्नी हरिनाम, रंजना सिंह पुत्री बालेंद्र सिंह ने आरोप लगाया की बीएलओ प्रमोद यादव ने लोकसभा 2024 की सूची से पता नहीं क्यों हमारे नाम काट दिए। वोटिंग के समय जब ग्रामीणों को वोट कटने की जब जानकारी हुई तो प्रमोद यादव को ग्रामीणों ने फोन कर पूछा तो कोई सार्थक जवाब नहीं दे सके। हालांकि बीएलओ ने बात करने पर बताया कि जिनके-जिनके घर से मृतकों के नाम काटने के लिए आवेदन आए थे।

उनमें मृतकों की जगह आवेदकों को मृतक कर नाम काट दिए गए हैं। यह सॉफ्टवेयर की गलती थी। जानकारी होने के बाद नाम चढ़वाने के लिए मैंने तहसील में कहा बावजूद इसके तहसील प्रशासन ने नाम नहीं चढ़ाया।

# पीक ऑवर में लगा भीषण जाम, जूझते दिखे राहगीर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह पीक ऑवर के समय नवीन पुल पर जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच मनोहर नगर की ओर से एक पिकअप निकलने लगा। जिससे वाहन आमने-सामने फंस गये और भीषण जाम लग गया। इस दौरान पुल से लेकर फोरलेन तक वाहनों की कतारें लगी रही। जिससे तमाम वाहन सवार जाम में फंसे रहे। दो घंटे बाद जाम हट सका। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर भी जाम लगने से वाहन सवार परेशान रहे।

सुबह दस बजे कानपुर की ओर से ई बस आ गई। इसी दौरान मनोहर नगर की ओर से एक पिकअप निकलने लगा। जिससे संकरे रास्ते में दोनों वाहन आमने-सामने फंस गये। जिससे दोनों ओर का यातायात कुछ देर के लिये रुक गया और जाम लग गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम में दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई रिक्शा के अलावा अन्य वाहन सवार फंसे रहे। जाम को देख राहगीरों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हो सके। इस दौरान दो घंटे तक नवीन पुल पर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे वाहन सवार बिलबिला उठे।


नवीन पुल के रास्ते में जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

### बैराज मार्ग पर भी रेंगे वाहन

मंगलवार दोपहर के समय अप और डाउन लाइन से ट्रेनें आने के कारण कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। जिससे एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम में तमाम वीआईपी फंसे रहे। इस दौरान एक बजे से दो बजे तक जाम लगा रहा।

### निजी बस अड्डों से कई जगह लगता है जाम

**उन्नाव।** निजी बसों का संचालन तय योजना के तहत शहर के कम भीड़ वाले बाहरी स्थानों से न कराये जाने के कारण जाम की समस्या बढ़ाती जा रही है। आईबीपी चौराहा सहित हरदोई ओवरब्रिज के पास केनरा बैंक व एसपी आफिस के पास निजी बसों की आवाजाही से पूरे दिन रुक-रुककर जाम की समस्या बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि आईबीपी चौराहा से पुरवा-मौरावां के लिए बसों का संचालन होता है, जबकि हरदोई ओवरब्रिज के पास हरदोई बस अड्डा संचालित है। इसी तरह एसपी आफिस चौराहा के पास न सिर्फ संडीला रूट की निजी बसें सवारियां उतारती-बैठाती है, बल्कि मैजिक व टैंपो स्टैंड भी यहीं पास में संचालित होते हैं। कस्बाई व ग्रामीण इलाकों से आने वाली गाड़ियों से उतरने वाले शहर के अलग-अलग स्थानों को रवाना होते हैं। इसलिए ऑटो व ई रिक्शा चालक सवारियां बैठने को संबंधित स्थानों पर अपनी गाड़ियां खड़ी रखते हैं। यही कारण है आईबीपी चौराहा व केनरा बैंक के पास सहित अन्य स्थानों पर बार-बार जाम लगता रहता है। हालांकि कुछ दशक पहले ही प्रशासन ने बसों का संचालन दही चौकी सहित अन्य स्थानों से कराने की योजना तय की थी, लेकिन बस अड्डों को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होने से इस पर अमल नहीं हो सका था। लोगों का कहना है कि निजी बस अड्डों को शहर के बाहर से संचालित करा काफी हद तक जाम की समस्या समाप्त की जा सकती है। इसलिए प्रशासन को इस पर अमल करना चाहिए।

# चुनाव के चलते बैंकों में नहीं पहुंचे कर्मचारी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- मंगलवार को बैंकों में जमा और निकासी के नहीं हुए कार्य

**अमृत विचार।** मतदान में बैंक कर्मचारियों की ड्यूटी लगने से नगर के अधिकांश बैंकों में कोई कार्य नहीं हो रहा था, मंगलवार को बैंकें खुली लेकिन न के बराबर कर्मचारी पहुंचे। जिस कारण खाताधारकों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं बैंक में कार्य न होने से करोड़ों का लेनदेन प्रभावित हो सकता है।

लोकसभा चुनाव में इस बार बैंक कर्मचारियों की ड्यूटी लगने से शनिवार को दोपहर तक काम हुआ। जिसके बाद रविवार को आधिकारिक बंदी रहने से नगर के अधिकांश बैको जिसमें भारतीय स्टेट बैंक, सेन्ट्रल बैंक, आन्ध्रा बैंक, केनरा बैंक, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक समेत अन्य बैंकें बंद रही। वहीं सोमवार को लोकसभा चुनाव के चलते बैंकें नहीं खुली। मंगलवार को नगर की बैंकें खुली लेकिन चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण बैंक कर्मी न के बराबर बैंकों में पहुंचे। जिस कारण खाताधारकों का कोई भी काम नहीं हो सका। खाताधारकों के बार-बार चक्कर लगाने पर बैंकों के बाहर लिख दिया कि आज शाखा में जमा और निकासी से संबंधित कोई भी कार्य नहीं होगा।


बैंक के अंदर कार्य कराने के लिये मौजूद खाताधारक। अमृत विचार



बैंक के बाहर लगाई कई नोटिस।

# वॉटर कूलर की आस में पानी के लिए भटक रहे लोग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कई माह से पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद पालिका की ओर से अभी तक नगर के सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख मार्गों पर प्याऊ नहीं लगवाया गया है, हां यह जरूर है कि पालिका की ओर से वॉटर कूलर लगवाने की बात कही जा रही है। ऐसे में दूर दराज से आने वाले मुसाफिरों को पानी के लिये भटकना पड़ रहा है।

इस बार मई माह का दूसरा सप्ताह बीत गया है, फिर भी पालिका ने अभी तक प्याऊ नहीं लगवाये हैं। जिससे दूर दराज से आने वाले राहगीरों को गर्मी में पानी के लिये भटकना पड़ रहा है। वहीं पालिका राहगीरों को ठंडा पानी मुहैया कराने के लिये जगह-जगह वॉटर कूलर लगवाने का काम करा रही है। पालिका के जिम्मेदार नगर के लगभग 34 स्थानों पर लाखों खर्च कर गर्मी में ही वॉटर कूलर लगाने की बात कह रहे हैं, लेकिन हकीकत में अभी तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। ऐसे में पूरी गर्मी बीतने वाली है लेकिन पालिका मुसाफिरों की प्यास बुझाने के लिये नहीं सोच रही है।

## सार-संक्षेप

### पत्नी व नाबालिग पुत्री से छेड़खानी का आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के एक युवक ने अपने ही मोहल्ले के युवक पर पत्नी व नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। नगर के पूर्वी तरौस निवासी एक युवक ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका और पत्नी का विवाद हो जाने के कारण वह घर से बाहर चली गई। तभी रास्ते में मोहल्ले का अज्जू उसे मिल गया और समझाने बुझाने के बाद उसे अश्लीलता भरी बातें करने लगा। जिस पर उसकी पत्नी उसकी भावना को समझते हुए अपने घर आ गई। लेकिन 13 मई को जब वह अपने घर में सो रहा था। तभी आरोपी उसके घर में आया और घर में मौजूद नाबालिग पुत्री के साथ छेड़खानी करने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर वह जाग गया और उसने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी उसे जातिसूचक शब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चला गया। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**दी जानकारी** — तेज धूप होने और मौसम में उतार-चढ़ाव की वजह से सीएचसी में रोगियों की संख्या में होने लगा इजाफा

# गर्मियों में पेय पदार्थों का अधिक से अधिक करें सेवन : डॉ बृजेश

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** इधर कई दिनों से तेज धूप होने और मौसम के उतार चढ़ाव की वजह से सीएचसी में रोगियों की संख्या में इजाफा होने लगा है। गर्मी की वजह से लोगों को बीमारियां अपनी चपेट में ले रही हैं। तापमान बढ़ने से सबसे अधिक डिहाईड्रेशन के रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। डॉक्टरों के अनुसार शरीर से पसीना निकल जाने से पानी की कमी हो जाती है। इससे बचाव के लिए व्यक्ति को अधिक से अधिक पेय पदार्थों का प्रयोग करना चाहिए।

सीएचसी में तैनात डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तापमान बढ़ने से शरीर का पानी पसीने के रूप में बाहर निकल जाता है। जिससे डिहाइड्रेशन संबंधी रोग हो जाते है। उन्होंने कहा कि इससे चक्कर आना, सिर दर्द, आलस्य सहित कई प्रकार की समस्याएं हो जाती हैं। उन्होंने कहा यदि व्यक्ति थोड़ा सा अपने शरीर पर ध्यान दे तो इस प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस मौसम में त्वचा सम्बंधी रोग भी अधिक संख्या में होते हैं। इसमें रोगी के शरीर पर खुजली व घमोरियां निकल आती हैं। उन्होंने कहा कि इससे बचाव करने के लिए धूप में शरीर को ढक कर निकलें। धूप से आने के बाद तुरन्त फ्रिज का ठंडा पानी न पीएं।


जानकारी देते डॉ. बृजेश

### सादे पानी के स्थान पर छाछ व ओआरएस पीयें

डॉक्टर के अनुसार गर्मियों अधिक से अधिक पेय पदार्थों का प्रयोग करें। इनमें छाछ, जूस, नीबू पानी, ग्लूकोस, ओआरएस को अपने आहार में शामिल करें. उन्होंने कहा कि सादा पानी अधिक पीने से बचें। सादे पानी के स्थान में चीनी व नमक मिलाकर पानी पीना चाहिए। इसके अलावा ताजे फल व दही का प्रयोग शरीर को ठीक रखता है।

### इनसे करें बचाव

गर्मियों में चार-पांच घंटे से अधिक रखे भोजन को प्रयोग में न लाएं। क्योंकि ताप अधिक होने से भोज्य पदार्थों में बैक्टीरिया के फैलने की संभावना अधिक रहती है। साथ ही बासी खाना कतई न खाएं। इस प्रकार के खाने से गैस्ट्रिक, दस्त सहित विभिन्न प्रकार के रोग हो जाते हैं। धूप से आने के बाद तुरन्त एसी में न जाएं। बाहर के खाद्य पदार्थ न खायें।

# गर्मी बढ़ते ही हीट स्ट्रोक के मरीज बढ़े

संवाददाता, शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मई माह में पड़ रही गर्मी से जहां हर कोई बिलबिला उठा है। वहीं मौसम तल्ख होने के कारण हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मंगलवार को ओपीडी के दौरान मरीजों की लाइनें लगी रहीं। जहां सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य मर्ज की दवा लेने के लिये लोग अस्पताल पहुंचे। वहीं प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है।

गर्मी का प्रकोप हर रोज बढ़ता ही जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रोज बुखार, टायफाइड, हीट स्ट्रोक के मरीज पहुंच रहे हैं। मंगलवार सुबह दस बजे से ही अस्पताल में मरीजों की भीड़ रही। इस दौरान अस्पताल में मौजूद प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ रवि प्रकाश सचान ने मरीजों का परीक्षण किया। मंगलवार को सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे के बीच 180 मरीजों की ओपीडी हुई। जिसमें अधिकांश मरीज टायफाइड, हीट स्ट्रोक, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा चर्म रोग से संबंधित पहुंचे। वहीं आजाद नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भी मरीजों की भीड़ रही। इसके अलावा प्राइवेट डॉक्टरों के पास भी मरीजों की लाइन लगी रहती है। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने बताया कि गर्मी के दिनों में अचानक धूप से आने पर ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए। वहीं दोपहर के समय घर से न निकले।


मरीजों की ओपीडी करते पीएचसी प्रभारी डॉ. रवि प्रकाश सचान। अमृत विचार

## एक नजर

### फांसी पर लटका देखा गया ईंट भट्टा मजदूर का शव

पिहानी, हरदोई। ईंट-भट्टे पर मज़दूरी करने वाले युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पिहानी कोतवाली के ऐंठा पुर गांव निवासी अजय कुमार (19) पुत्र अरुण कुमार इटारा रोड पर इरफान के ईंट-भट्टे पर मज़दूरी करता था। मंगलवार की सुबह ईंट-भट्टा ठेकेदार फिरोज़ ने देखा कि अजय का शव पास के एक पेड़ पर लटका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अजय के पिता अरुण कुमार की तहरीर पर पोस्टमार्टम के लिए शव अपने कब्ज़े में ले लिया। कुछ लोगों का कहना है कि अजय की हत्या कर उसका शव लटकाया गया, वहीं इसे आत्महत्या मान रहें है, पिता अरुण कुमार का कहना था कि कोई ऐसी बात नहीं थी जो अजय को आत्महत्या जैसा कदम उठाना पड़ता।

### महिला पर हमला, रिपोर्ट दर्ज


शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम सकरा में दो पक्षों में हुए विवाद में तीन पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। थाना मंझिला के ग्राम सकरा निवासी रामसागर ने बताया कि उसकी पुत्री दिमाग से कुछ कमजोर है। वह सोमवार की शाम गांव में दुकान से कुछ सामान लेने जा रही थी। गांव के ही गुड्डू की पत्नी प्रीती ने उसकी पुत्री से कुछ कह दिया। पुत्री ने भी जवाब में कुछ कहा तो प्रीती ने पुत्री के सिर पर ईंट मार दी। जिससे उसकी पुत्री का सिर फट गया। वह इस बात की शिकायत करने गुड्डू के घर गया तो गुड्डू और उसके भाई ओमकार ने उसे गाली गलौज किया और धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# तमाम प्रयासों के बावजूद नहीं जागरूक हुए मतदाता

**57.52%** हरदोई में मतदान | **55.89%** मिश्रिख में मतदान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद जिले की दोनों लोकसभा सीटों पर 60 प्रतिशत मतदान नहीं हो पाया। शाम छह बजे तक हरदोई लोकसभा क्षेत्र में 57.52 तथा मिश्रिख में मात्र 55.89 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के प्रति लोगों की बेरुखी का मुख्य कारण जनप्रतिनिधियों का चुनाव के बाद जनता से मुंह मोड़ना लेना है।



बताते चलें कि हरदोई लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद जयप्रकाश भाजपा के प्रत्याशी हैं, वहीं मिश्रिख क्षेत्र से अशोक रावत वर्तमान सांसद हैं। सत्ता दल के दोनों सांसद पिछले चुनाव जीतने के बाद जनता से टाटा बाय-बाय कर अपने निर्वाचन क्षेत्रों से दूर रहे। उन्हें मालूम होगा कि उनके काम को नहीं बल्कि जनता मोदी-योगी को वोट करेगी, तभी वह क्षेत्र में नाम मात्र हो गए। हरदोई लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा भी कई बार सांसद रह चुकी हैं। उनका भी सांसद होना न होना जनता के लिए एक समान रहा। उन्होंने भी चुनाव के बाद जनता में विशेष लगाव नहीं रखा। मिश्रिख से सपा प्रत्याशी संगीता राजवंशी के ससुर सपा सरकार में मंत्री तक रह चुके हैं। इस बार चुनाव से पहले तीन प्रत्याशी ने सपा ने बदले इस कारण जनता सपा प्रत्याशी को लेकर गंभीर नहीं हो सकी। बसपा ने हरदोई से भीमराव अंबेडकर व मिश्रिख से बीआर अहिरवार प्रत्याशी बने। जो दूसरे जिले से थे। चुनाव में इन लोगों ने कोई विशेष मेहनत नहीं की। वह पार्टी के वोटों के सहारे ही मैदान में रहे। पिछले पांच वर्षों से जनता छुट्टा जानवरों, महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रही है। इसे किसी मुद्दे पर राहत नहीं मिल रही है। इस कारण भी लोगों का राजनीति व जनप्रतिनिधियों से मोहभंग हो रहा है। यही कारण है कि लगातार जिलाधिकारी द्वारा गांव से लेकर शहर तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद जिले का मतदान प्रतिशत 60 नहीं पहुंच पाया।

### विधानसभावार मतदान : हरदोई लोकसभा क्षेत्र

हरदोई लोकसभा में जिले की पांच विधानसभाएं आती हैं। जिसमें 10 लाख 1 हजार 41 पुरुष, 9 लाख 9 हजार 390 महिलाएं, 14 अन्य कुल मिलाकर 19 लाख 10 हजार 485 मतदाता हैं। जिसमें से 10 लाख 98 हजार 820 मतदाताओं ने मतदान किया। जिससे इस लोकसभा क्षेत्र से कुल 57.52 प्रतिशत मतदान हुआ।

| सवायजपुर विधानसभा | शाहाबाद विधानसभा | हरदोई विधानसभा | गोपामऊ विधानसभा | सांडी विधानसभा |
|---|---|---|---|---|
| **मतदाताओं की संख्या** | **मतदाताओं की संख्या** | **मतदाताओं की संख्या** | **मतदाताओं की संख्या** | **मतदाताओं की संख्या** |
| पुरुष- 2 लाख 19 हजार 629 | पुरुष- 1 लाख 92 हजार 753 | पुरुष- 2 लाख 21 हजार 140 | पुरुष- 1 लाख 87 हजार 370 | पुरुष- 1 लाख 80 हजार 149 |
| महिलाएं- एक लाख 98 हजार 771 | महिला- 1 लाख 74 हजार 668 | महिला- 2 लाख 2 हजार 829 | महिला- 1 लाख 70 हजार 270 | महिला- 1 लाख 62 हजार 852 |
| अन्य- 10 | अन्य- 10 | अन्य- 11 | अन्य- 14 | अन्य- 9 |
| कुल- 4 लाख 18 हजार 410 | कुल- 3 लाख 67 हजार 431 | कुल- 4 लाख 23 हजार 980 | कुल- 3 लाख 57 हजार 654 | कुल- 3 लाख 43 हजार 10 |
| **मतदान करने वाले मतदाता-** | **मतदान करने वाले मतदाता-** | **मतदान करने वाले मतदाता-** | **मतदान करने वाले मतदाता-** | **मतदान करने वाले मतदाता-** |
| पुरुष- 1 लाख 26 हजार 575 | पुरुष- 1 लाख 19 हजार 380 | पुरुष- 1 लाख 24 हजार 792 | पुरुष- 1 लाख 15 हजार 264 | पुरुष- 1 लाख 7 हजार 9 |
| महिला- 1 लाख 6 हजार 907 | महिला- 1 लाख 2 हजार 620 | महिला- 1 लाख 5 हजार 56 | महिला- 99 हजार 539 | महिला- 91 हजार 669 |
| अन्य- 3 | अन्य- 3 | अन्य- 2 | अन्य- 1 | अन्य- 0 |
| कुल- 2 लाख 33 हजार 485 | कुल- 2 लाख 22 हजार 3 | कुल- 2 लाख 29 हजार 850 | कुल- 2 लाख 14 हजार 804 | कुल- 1 लाख 98 हजार 678 |
| प्रतिशत- 55 .80 | प्रतिशत- 60 .42 | प्रतिशत- 54 .21 | प्रतिशत- 60 .6 | प्रतिशत- 57 .92 |

### विधानसभावार मतदान : मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र

मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में जिले की बिलग्राम-मल्लावां, बालामऊ तथा संडीला विधानसभाएं आती हैं। इन विधानसभा क्षेत्रों में कुल 18 लाख 78 हजार 195 मतदाता हैं। जिसमें से कुल 10 लाख 49 हजार 630 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 55.89 प्रतिशत मतदान हुआ।

| बिलग्राम-मल्लावां विधानसभा क्षेत्र में | | बालामऊ विधानसभा | | संडीला विधानसभा | |
|---|---|---|---|---|---|
| **मतदाताओं की संख्या** | **मतदान किया** | **मतदाताओं की संख्या** | **मतदान किया** | **मतदाताओं की संख्या** | **मतदान किया** |
| पुरुष- 2 लाख 6 हजार 985 | पुरुष- 1 लाख 18 हजार 88 | पुरुष- 1 लाख 88 हजार 527 | पुरुष- 1,03228 | पुरुष- 1 लाख 84 हजार 427 | पुरुष- 1,05134 |
| महिला- 1 लाख 87 हजार 996 | महिला- 1 लाख 1 हजार 585 | महिला- 1 लाख 70 हजार 471 | महिला- 87103 | महिला-1 लाख 68 हजार 174 | महिला- 88 915 |
| अन्य- 7 | अन्य- 1 | अन्य- 2 | अन्य- 1 | अन्य- 6 | अन्य- 2 |
| कुल- 3 लाख 94 हजार 988 | कुल- 2 लाख 19 हजार 674 | कुल- 3 लाख 59 हजार | कुल- 1, 90392 | कुल- 3 लाख 52 हजार 607 | कुल- 1, 09451 |
| **मतदान प्रतिशत**- 55 .62 | | **मतदान प्रतिशत**- 53 .03 | | **मतदान प्रतिशत**- 55 .03 | |

## प्रेक्षकों की उपस्थिति में संपन्न की गई स्क्रूटनी की प्रक्रिया



स्क्रूटनी प्रक्रिया में मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि।

**हरदोई, अमृत विचार।** मंगलवार को मंडी परिसर में सम्बंधित सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थित में हरदोई व मिश्रिख लोकसभा से सम्बंधित विभिन्न रिपोर्ट की स्क्रूटनी संपन्न हुई। हरदोई लोकसभा से सम्बंधित रिपोर्ट को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मिश्रिख लोकसभा से सम्बंधित रिपोर्ट को मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने सम्बंधित प्रेक्षकों के समक्ष रखा। स्क्रूटनी प्रक्रिया को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने देखा। माईक्रो ऑब्जर्वर की रिपोर्ट को देखा गया। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया को लेकर संतुष्टि जताई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मझिला थाना क्षेत्र में हो रहा खनन

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम ईसाई पुरवा में पुलिस और खनिज विभाग की मिलीभगत से रात्रि में जेसीबी लगाकर खनन माफिया ने पूरी रात खनन का काम किया। पुलिस को सूचना दी गई, उसके बाद भी खनन के गोरख धंधेबाज पूरी रात्रि खनन का काम करते रहे। लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि होने के बाद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मतदान में व्यस्त रहे। इधर खनन माफिया ने इसका फायदा उठाया और पूरी रात्रि खनन करते रहे। मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम ईसाई पुरवा में खनन माफिया रात्रि में अंधेरे में जेसीबी की लाइट जलाकर अंधाधुन्ध खनन किया। मझिला थाना पुलिस को इसकी सूचना भी दी गई परंतु पुलिस की ओर से कोई एक्शन नहीं लिया गया।

# बसपा के पोलिंग एजेंट की लाठी से पीटकर की हत्या

## बूथ से वापस लौटते वक्त प्रधान प्रतिनिधि ने रास्ते में घेरकर बोला हमला, पत्नी और बच्चों को भी पीटा

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** बसपा का पोलिंग एजेंट बूथ से वापस घर लौट रहा था, उसी बीच प्रधान प्रतिनिधि ने उसे अपने साथियों के साथ रास्ते में घेर कर लाठी-डंडो से हमला कर दिया गया। चीखने-चिल्लाने की आवाज़ सुन कर पत्नी अपने बच्चों के साथ बचाने दौड़ी, हमलावरों ने उनकी भी पिटाई कर दी। उसके बाद हमलावर एजेंट को मरा हुआ समझ कर भाग गए। उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज और मेडिकल कालेज से लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया। जहां मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया है कि दोनों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी।





रोते बिलखती पत्नी मृतक व बच्चे और यदुनंदन की फोटो।

पुलिस वारदात से जुड़े हर एक पहलू से जांच-पड़ताल कर रही है।

बताया गया है कि सोमवार को बिलग्राम कोतवाली के गनीपुर निवासी 45 वर्षीय यदुनंदन पुत्र शंकर अपने बूथ पर बसपा की तरफ से पोलिंग एजेंट था। पोलिंग के दौरान उसकी प्रधान श्रवण के प्रतिनिधि सुपिन शुक्ला से कुछ कहासुनी हो गई थी, सुपिन ने उसे देख लेने की धमकी दी थी। पोलिंग खत्म होने और पोलिंग पार्टी के रवाना होने के बाद यदुनंदन वापस घर जा रहा था, उसी बीच रास्ते में घर के पास सुपिन और उसके साथियों ने घेर कर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। यदुनंदन की आवाज़ सुन कर उसकी पत्नी और बच्चे दौड़ पड़े, हमलावरों ने उन्हे भी नहीं छोड़ा और उन्हे भी हमला कर ज़ख्मी कर दिया। हमलावर यदुनंदन को मरा समझ कर भाग गए। इलाज कए लिए उसे बिलग्राम सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए भेजा गया और वहां से उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। इस बारे में एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते झगड़ा हुआ था, फिलहाल सारे मामले की जांच कराई जा रही है।

### लकड़ी कटान की शिकायत बनी रंजिश की वजह

गनीपुर के यदुनंदन की हत्या के पीछे बताया जा रहा है कि करीब 6 साल पहले उसने प्रधान प्रतिनिधि सुपिन शुक्ला की लकड़ी कटान करने की शिकायत पुलिस से की थी, उसके बाद से ही सुपिन यदुनंदन से रंजिश मानता था। पोलिंग बूथ पर यदुनंदन ने कोई टोंका-टाकी कर दी थी, सुपिन को उसकी वही बात इतनी बुरी लगी कि उसने यदुनंदन का किस्सा ही तमाम कर दिया।

### पुलिस पर हमलावरों की तरफदारी का लगा आरोप

जैसा कि बताया गया है कि यदुनंदन के पुत्र ने उसके ऊपर किए गए हमले का वीडियो बना लिया था, वही वीडियो उसने पुलिस को दिखाया। पुलिस पर आरोप है कि उसने हमलावर प्रधान प्रतिनिधि की तरफदारी करते हुए मोबाइल में सेव वीडियों डिलीट करते हुए उसके पुत्र को वहां से भगा दिया।

### दिव्यांग भाई को पीटा, जानमाल की दी धमकी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मनिकापुर बमियारी के रहने वाले एक दिव्यांग को उसके ही भाई ने गाली गलौज कर मारा पीटा और जबरदस्ती उसके गेहूं भरकर उठा ले गया। विरोध करने पर जान माल की धमकी दी। घटना की लिखित तहरीर कोतवाली में दी गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनिकापुर बमियारी निवासी जगपाल के अनुसार 2 माह पहले उसके पिताजी की मृत्यु हो गई। वह अपने दूसरे भाई के पास रहता है। 14 मई को पूर्वान्ह 11 बजे उसका भाई वीरु जबरदस्ती उसके गेहूं भर के उठा ले गया। जब उसने विरोध किया तो वीरू ने उसे पीटा और जान माल की धमकी दी। जगपाल का कहना है कि उसका भाई वीरु उसके मकान पर भी कब्जा करना चाहता है।



### चुनाव खत्म होते ही कार्यालयों में पसरा सन्नाटा

**हरदोई, अमृत विचार।** चुनाव घोषित होने के बाद से ही राजनैतिक दलों के कार्यालयों में कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई थी। सुबह से लेकर देर रात तक चुनावी रणनीति बना करती थी। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आया कार्यालयों पर और भी रौनक छा गई। सोमवार को चुनाव होने के बाद मंगलवार को कार्यालयों पर न तो प्रत्याशी दिखाई पड़े और न कार्यकर्ता। लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित होते ही सभी दलों ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी। कार्यालयों को व्यवस्थित किया गया, वहीं पर चुनावी रणनीतियां तय होती थी। नामांकन के बाद से कार्यालयों में भीड़ और भी बढ़ गई। चुनाव के दो-चार दिन से पहले कार्यालय देर रात तक गुलजार होते थे। सपा कार्यालय पर इक्का-दुक्का लोग ही बैठे नजर आए।

# भरखनी के पछोहा क्षेत्र में खूब हुआ मतदान

संवाददाता, सवायजपुर, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश रावत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और मजबूत संगठन की बदौलत पांचवीं बार सांसद बनने के लिए मैदान में हैं। तो वहीं गठबंधन से सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा जातीय वोट और पीडीए की दम पर जीत के प्रति आशान्वित हैं।

बसपा ने यहां से एमएलसी भीमराव अंबेडकर को बड़ी उम्मीद के साथ प्रत्याशी बनाया है। सभी प्रत्याशी जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुटे थे, 11 मई को प्रचार थम गया, आज जनता में कहीं उत्साह दिखा, तो कहीं निराशा का मौहाल रहा। पोलिंग स्टेशन घसा में शाम के 6:00 तक मतदान प्रतिशत 55 प्रतिशत रहा, इसमें से पुरुष वर्ग के 302 और महिला वर्ग के 236 वोट पड़े, पोलिंग स्टेशन महमूदपुर में 11:00 तक 22 फ़ीसदी हुआ मतदान जिसमें टोटल 183 वोटरों ने किया मतदान, पोलिंग स्टेशन भाभर में 12:00 बजे तक 19 फ़ीसदी हुआ मतदान, इसमें कुल 272 वोटरों ने किया मतदान, पोलिंग स्टेशन हुल्लापुर पत्यौरा में 300 वोटरों ने किया मतदान, जुझारपुर में 2:00 बजे तक 113 पुरुष और 84 महिला 197 मतदाताओं ने किया मतदान, रिपोर्ट पोलिंग बूथ हथोड़ा में 53.75 प्रतिशत तक हुआ मतदान, पोलिंग स्टेशन सहुआपुर में 240 पुरुष और 240 महिला मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग, नगला भैंसी में 5 बजे तक 55 प्रतिशत हुआ मतदान, धानीनगला में 6 बजे तक 51 प्रतिशत तक हुआ मतदान, खुटेपुर में 10 बजे तक 22 प्रतिशत, मैकपुर में 11 बजे तक 23 प्रतिशत, भावर में 20 प्रतिशत पत्यौरा में 28 प्रतिशत, कुल मिलाकर पूरे पछोहा क्षेत्र में बचपन से 60% तक हुआ मतदान।पोलिंग स्टेशन महमूदपुर में 4 बजे तक 410 मतदाताओं ने किया मतदान जिसमें 215पुरुष और 195 महिलाओं ने किया मतदान पोलिंग स्टेशन इनायतपुर हरदोई में 5 तक 1293 में से 703पडे वोट जिसमें 369 पुरुष एवं 334 महिलाओं ने किया मतदान सैदापुर बूथ संख्या 139 पर 5बजे तक हुआ मतदान टोटल वोट 1087 पड़े वोट 554 जिसमे 325पुरुष व 229 महिलाओ नें मतदान किया। तिमिरपुर में टोटल वोट 1018 पड़े वोट 611पुरुष 332महिला 279बूथ संख्या 141 सभी पोलिंग बूथ पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ मतदान बिना किसी भेदभाव के साथ लोगों ने किया मतदान।



▶▶ **पूरे क्षेत्र में लगभग 55 से 60 प्रतिशत तक हुआ मतदान**

# मतदान के बाद नफा और नुकसान की चर्चाएं जोरों पर

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद

**अमृत विचार।** हरदोई सुरक्षित लोकसभा हेतु 13 मई को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने के बाद अब कयास बाजी का दौर शुरू हो गया। किस क्षेत्र में कौन सी पार्टी कितने फायदे और नुकसान में रही इस पर गुणा भाग लगाना प्रारंभ कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने के बाद प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

हरदोई सुरक्षित लोकसभा के लिए 13 मई को शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। भारतीय जनता पार्टी ने सांसद जयप्रकाश रावत को दूसरी बार प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा था। समाजवादी पार्टी ने पूर्व सांसद उषा वर्मा को एक बार फिर से आजमाने की कोशिश की। बहुजन समाज पार्टी ने लंबी जद्दोजहद के बाद इटावा के रहने वाले एमएलसी भीमराव अंबेडकर को चुनाव मैदान में उतारकर संघर्ष को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया परंतु संघर्ष त्रिकोणीय नहीं हो सका। भाजपा और समाजवादी पार्टी में सीधा मुकाबला दिखाई दिया। सुबह से लेकर दोपहर 12 बजे तक बूथों पर मतदाताओं की भीड़ उमड़ी। 12 के बाद मतदान केंद्रों पर सन्नाटा छा गया। इक्का दुक्का लोग ही दोपहर को मतदान करते देखे गए। शाम चार से छह बजे तक फिर मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए भीड़ दिखाई दी। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने के बाद जहां पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत भरी सांस ली है, वहीं जनसंपर्क और भाग दौड़ से निजात ले चुके राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने नफा और नुकसान की चर्चाएं प्रारंभ कर दी है।



समर्थकों से जानकारी लेती सपा प्रत्याशी ऊषा वर्मा। अमृत विचार



मतदान का हालचाल समर्थकों से जानते भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश।

### मतदाता अभी भी साधे हुए हैं चुप्पी, प्रत्याशियों में मची है खलबली

शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता कौन से गांव में कौन सी पार्टी नफा और नुकसान में रही इस पर चर्चा करते हुए देखे जा रहे हैं। इस बार पूरी तरह से शांत रहने वाला मतदाता अभी भी शांत है। केवल चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले लोग ही गांव के नफा नुकसान पर चर्चा कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह से ही बाजारों में पान, होटल और चाय की दुकानों पर नफा और नुकसान की चर्चाएं शुरू हो गई। कोई भाजपा और सपा में सीधा मुकाबला मान रहा है, तो कोई भाजपा को फायदे में बात कर जीत सुनिश्चित कर रहा है। सपा समर्थक अपनी-अपने जीत के दावे कर रहे हैं और यह कह रहे हैं कि इस बार भाजपा में जबरदस्त सेंधमारी हुई है। फिलहाल कयासों का दौर जारी है। ऊंट किस करवट बैठेगा यह आगामी 4 जून को पता चल जाएगा।

## सार-संक्षेप



आग से जला घर का सामान। अमृत विचार

### अज्ञात कारणों से लगी आग, सामान जलकर खाक

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र बेनीगंज के ग्राम महुआकोला में गांव के बाहर बने मकान के सामने रखी लकड़ी के खोखे मे रखी किराना की दुकान में अचानक आग लगने से दुकान के साथ साथ एक मोटरसाइकिल व घर मे रखी गृहस्थी भी जलकर खाक हो गई। बताते चलें कि महुआकोला गांव के बाहर बने मनोज कुमार के मकान के सामने एक लकड़ी के खोखे मे रखी किराने की दुकान मे अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग ने दुकान के पास खड़ी मोटरसाइकिल व दुकान के पीछे बने मकान को अपने आगोश में ले लिया, जिससे दुकान सहित दुकान में रखा किराने का सारा सामान, सामने खड़ी मोटरसाइकिल व घर मे रखा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। आसपास उपस्थित ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं मनोज कुमार पुत्र छोटे का कहना है कि वह काम पर गए हुए थे, जब वह घर आए तब आग उनके घर मे लगी हुई थी, वही उनकी पत्नी विनीता ने बताया कि वह घर के पीछे लगे आम के पेड़ के नीचे सफाई कर रही थी और वह भी आग लगने का कारण पता नही कर पाई।

### ई-रिक्शा चालक को दबंगों ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के चौधी पुरवा कटरी छिबरामऊ गांव में एक ई रिक्शा चालक को गांव के ही दबंगों ने लाठी डंडों से जमकर पीट दिया बीच बचाव करने गया भाई को भी पीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार ई-रिक्शा चालक रामसूरत 25 वर्ष पुत्र परशुराम और उसका भाई अनिल पुत्र परशुराम 23 वर्ष निवासी ग्राम चौधी पुरवा कटरी छिबरामऊ थाना बिलग्राम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही विपक्षी अशोक पुत्र लोक राम मोहित पुत्र लोकराम व कुछ अज्ञात लोग मेरे घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा को पलटने लगे जब मैने विरोध किया तो विपक्षी अशोक और मोहित अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर मुझे लाठी डंडों से पीट दिया जब मेरा भाई अनिल बीच बचाव करने आया तो उसे भी दबंगों ने पीट कर लहुलूहान कर दिया जिससे दोनों भाइयों के गंभीर चोट आई है। पीड़ित रामसूरत ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर दबंगों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर पीडित राम सूरत व उसका भाई अनिल का डाक्टरी परीक्षण कराया जा रहा है रिपोर्ट दर्ज कर जल्दी आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### कोर्ट मैरिज को लेकर बवाल, सात पर केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला खलील में पूर्व में की गई कोर्टमैरिज से उपजे विवाद में मंगलवार को लड़की पक्ष ने लड़के पक्ष पर जमकर ईंट पत्थर और डंडे बरसाए। जिसमें चार लोग घायल हुए हैं ।घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सात आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली के मोहल्ला खलील निवासी राजीव पुत्र सेवाराम यादव ने बताया उसके भाई ने मोहल्ले की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था ।जिसकी कोर्ट मैरिज की गई थी। इस बात से नाराज लड़की पक्ष ने मंगलवार को स्टार मैरिज लान काम पर जा रहे उसके भतीजे रीशू को रास्ते में रोककर गाली गलौज कर मारा पीटा, उसकी मोटर साइकिल को तोड़ दिया ।सूचना पाकर वह और परिवार उसे बचाने गये तो विपक्षी अजय पुत्र श्री कृष्ण ने अपने पुत्रों ध्रुव, अमन, मुन्नालाल के पुत्र बंटी, शानू, सिंटू और अमित पुत्र रामकिशोर ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ईट-पत्थर और डंडे से सभी को मारा पीटा। मारपीट में उसके भाई मिश्रीलाल, भाभी शिवानी, मां जगदेवी आदि लोग घायल हो गए। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने बताया कोर्ट मैरिज कर लेने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। पीड़ित के प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बंदर के हमले से अधेड़ घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** महुआ टोला में बंदरों ने एक व्यक्ति को दौड़ा कर काट लिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में व्यक्ति को सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने की वजह से मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला महुआ टोला निवासी राजन शर्मा 55 वर्ष पुत्र श्याम लाल को अपने ही घर में बंदरों ने दौड़ा कर काट लिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी हालत में राजन शर्मा को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया। बंदरों के बढ़ते हुए आतंक के कारण शहर वासी काफी परेशान हैं, लेकिन वन विभाग या पालिका प्रशासन द्वारा बंदरों को पकड़ने का कोई इंतजाम नहीं किया गया है, जबकि अन्य शहरी क्षेत्रों में बंदरों को पकड़ने के इंतजाम वन विभाग और पालिका प्रशासन द्वारा किए जाते रहे हैं।

# सेंट जेवियर्स की समृद्धि ने 10वीं व 12वीं में ओमी जिला टॉपर

## सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणामः सेंट जेवियर्स का शत-प्रतिशत रिजल्ट, दूसरे स्थान पर केम्ब्रिज व तीसरे पर सेंट जेम्स स्कूल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सोमवार को सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी हो गया है। इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड का परिणाम काफी अच्छा रहा। हरदोई में सीबीएसई बोर्ड से संचालित सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जेम्स, जयपुरिया, कैंब्रिज लखनऊ पब्लिक स्कूल मधौगंज समेत कई अन्य स्कूल हैं। इस वर्ष सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सफलता का परचम लहराया है। सेंट जेवियर स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल की 12वीं और 10वीं की छात्राओं ने जनपद में टॉप किया है। दसवीं की परीक्षा में समृद्धि ने सर्वाधिक 98.8 प्रतिशत और 12वीं में ओमी सिंह ने सर्वाधिक अंक 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया है। दूसरे स्थान पर केम्ब्रिज व तीसरे स्थान पर सेंट जेम्स स्कूल के बच्चों का प्रदर्शन रहा।

सेंट जेवियर स्कूल में कक्षा 10 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर 66 छात्र-छात्राएं पास हुई हैं, जबकि 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर 100 छात्र-छात्राएं पास हुई हैं वही 70 प्रतिशत से अधिक 80 छात्र छात्राएं पास हुई हैं।

जबकि इसी स्कूली में 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर 28 छात्र-छात्राएं पास हुई हैं, 64 छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। 70 प्रतिशत से अधिक 80 छात्र-छात्राएं पास हुई हैं। स्कूल की प्रिंसिपल मौसमी चटर्जी ने स्कूल के छात्र व छात्राओ द्वारा जनपद में टॉप किए जाने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा में पास हुए छात्र छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। कहा कि यह परिणाम सभी छात्रछात्राओं के कठिन परिश्रम लगन और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का है। इस अवसर पर सेंट जेवियर स्कूल के प्रबंधक राकेश पाल अध्यक्ष श्री नारायण चटर्जी बोर्ड का डायरेक्टर अंकित अरुण द्वारा भी सभी छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।


विभू पटेल के माता-पिता मिठाई खिलाते हुए। अमृत विचार


माधौगंज स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल के मेधावी बच्चे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया गया सम्मानित

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड ने सोमवार की दोपहर को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। कस्बे में स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल के बच्चों ने परचम लहराया। प्रधानाचार्य ने बताया कि कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 192 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें नितिन कुमार 96 .4, श्रेया व वैभव पाण्डे ने 96 .,अमन वर्मा ने 95 .8, आदित्य मौर्य व चर्चित तिवारी ने 95 .40,विभू पटेल 95 .20, श्रेष्ठ प्रताप, रिचा और हर्षित ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं बारहवीं में विमल मिश्रा 96 .6, नैतिक पटेल 96 .5 प्रतिशत, मो .मोईद्दीन 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं में 40बच्चो ने बारहवीं में 16 बच्चों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार को मंगलवार को श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं उनके अभिवावकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर बच्चों श्रेया व नितिन कुमार ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य केके शर्मा बच्चों व उनके माता-पिता को मीठा खिलाकर शुभकामनाएं दी। वहीं कस्बे के पटेल नगर पूर्वी निवासी दिनेश कुमार के बेटे विभू पटेल में हाईस्कूल की परीक्षा में 95 .2 प्रतिशत अंक अर्जित कर परिवार का मान बढ़ाया। विभू पटेल ने बताया कि पढाई के साथ इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे हैं। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं अभिभावकों के बीच हुई चर्चा हुई है।

### समृद्धि का अंकों से भरा खजाना

शहर के कुर्रिया रोड स्थित सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल में दसवीं की परीक्षा में समृद्धि ने जनपद में सर्वाधिक 98 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया है। प्रिंस कुमार मौर्य ने 97 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। अनन्या सिंह ने 97 प्रतिशत, मुनीश कुमार ने 96 .6 प्रतिशत, अनमोल ने 96 .4 प्रतिशत, रितु सागर ने 95 .8 प्रतिशत, भरत गुप्ता ने 95 .6 प्रतिशत, मेधावी मिश्रा ने 95 प्रतिशत, आर्यन वर्मा ने 94 .8 प्रतिशत, अनन्या सिंह ने 94 .8 प्रतिशत, आस्तिक मिश्रा ने 94 .4 प्रतिशत, शौर्य तिवारी ने 94 .8 प्रतिशत, वर्तिका सिंह ने 94 .2 प्रतिशत, अखंड प्रताप सिंह ने 94 .2 प्रतिशत, तन्मय पाठक में 93 .8 प्रतिशत, संभव प्रताप सिंह ने 93 .8 प्रतिशत, ऋषभ श्रीवास्तव ने 93 .6 प्रतिशत, कमल चंद्रा ने 93 .2 प्रतिशत, शिव गुप्ता ने 93 प्रतिशत, अभिनव कुमार ने 93 प्रतिशत, अनन्या अवस्थी ने 92 .8 प्रतिशत, मयंक गुप्ता ने 92 .8 प्रतिशत, कुश गुप्ता ने 92 .56 प्रतिशत, अर्चिता सिंह ने 92 .6 प्रतिशत, सत्यम यादव ने 92 .6 प्रतिश, हीरा सिद्दीकी ने 92 .6 प्रतिशत, कार्तिकेय शुक्ला ने 92 .6 प्रतिशत, वर्तिका शुक्ला ने 92 .6 प्रतिशत, स्वानी मिश्रा ने 92 .4 प्रतिशत, आर्यन सिंह राठौड़ ने 92 .2 प्रतिशत, भानु प्रताप सिंह ने 92 .2 प्रतिशत, वंशिका राज सिंह ने 92 .8 प्रतिशत, मयंक वर्मा ने 92 .2 प्रतिशत, अदिति सिंह ने 92 प्रतिशत, अनुकल्प पाल ने 92 प्रतिशत, दर्शी मिश्रा ने 92 प्रतिशत, अश्वनी कुमार ने 92 प्रतिशत, गौरी गुप्ता ने 92 प्रतिशत, आज्ञा त्रिपाठी ने 91 .8 प्रतिशत, अक्षत प्रताप ठाकुर ने 91 .8 प्रतिशत, अभिषेक शुक्ला ने 91 .8 प्रतिशत, मृत्युंजय सिंह ने 91 .8 प्रतिशत, कशफ़ा सौग़ात ने 91 .8 प्रतिशत, ओम मिश्रा में 91 .8 प्रतिशत, अमोग शुक्ला ने 91 .4 प्रतिशत, गरिमा यादव ने 91 .4 प्रतिशत, सौम्या सिंह ने 91 .4 प्रतिशत, अनामिका ने 91 प्रतिशत, वंशिका पटेल ने 91 प्रतिशत, श्रुति दीक्षित ने 91 प्रतिशत, अनिल श्रीवास्तव ने 90 .8 प्रतिशत, अनाया दीक्षित ने 90 .6 प्रतिशत, गरिमा पाल ने 90 .4 प्रतिशत, सिमरन कश्यप ने 90 .4 प्रतिशत, ओम गुप्ता ने 90 .4 प्रतिशत, यशारथ ध्रुव ने 90 .2 प्रतिशत, सिमरन कौर ने 90 .2 प्रतिशत, शिवांगी पांडे ने 90 .2 प्रतिशत, श्वेता सिंह ने 90 प्रतिशत, तेजस सिंह ने 90 प्रतिशत, अथर्व आर्य ने 90 प्रतिशत, ओम श्रीवास्तव ने 90 प्रतिशत, मोहम्मद असद ने 89 .8 प्रतिशत, कार्तिकेय त्रिपाठी ने 89 .8 प्रतिशत, अंश कुमार ने 89 .6 प्रतिशत और अमन देव ने 89 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

### ओमी ने 12वी में किया जनपद में टॉप, शिक्षक-शिक्षिकाओं में दौड़ी खुशी की लहर

सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के 12वीं में ओमी सिंह ने जनपद में टॉप किया है। ओमी सिंह ने सर्वाधिक अंक 98 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। वैभव गुप्ता ने 96 .8 प्रतिशत, अभिषेक सिंह ने 96 .6 प्रतिशत, सक्षम त्रिवेदी ने 95 .6 प्रतिशत, रामकरण पांडे ने 95 .4 प्रतिशत, शिवांश सिंह ने 95 प्रतिशत, अंशिका सिंह कसेरा ने 94 .8 प्रतिशत, जयती सिंह ने 93 .6 प्रतिशत, अपर्णा त्रिवेदी ने 93 .2 प्रतिशत, आयुष द्विवेदी ने 92 .2 प्रतिशत, शगुन सिंह ने 92 .2 प्रतिशत, राशि मेहता ने 92 .2 प्रतिशत, अवि राठौर ने 92 .2 प्रतिशत, अंशिका सिंह ने 92 प्रतिशत, हार्दिक सिंह ने 92 प्रतिशत, हर्षित गुप्ता ने 91 .8 प्रतिशत, शिवी द्विवेदी ने 91 .6 प्रतिशत, अंश गुप्ता ने 91 .6 प्रतिशत, दक्ष मिश्रा ने 91 .4 प्रतिशत, अंशुमन मिश्रा ने 91 प्रतिशत, सौमित्र गुप्ता ने 90 .8 प्रतिशत, अंशिका मिश्रा ने 90 .6 प्रतिशत, अतुल अश्वनी श्रीवास्तव ने 90 .2 प्रतिशत, देवांश राठौर ने 90 .2 प्रतिशत, उज्जवल वाजपेई ने 90 प्रतिशत, अर्जुन शुक्ला ने 89 .8 प्रतिशत, मुनीबा फातिमा ने 89 .8 प्रतिशत, प्रखर गुप्ता ने 89 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

### एक नजर

#### जाने सफलता पर क्या बोले टॉपर्स, क्या चाहते है बनना

**हरदोई।** सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल के सीबीएसई बोर्ड में 12 वी कक्षा में जनपद में टॉप करने वाली छात्रा ओमी सिंह ने कहाँ की वह अपनी कामियाबी का श्रेय अपने माता पिता को देना चाहती हैं।ओमी ने कहा कि परीक्षा से पूर्व और परीक्षा के समय उन्हें सेलिब्रेट की तरह उनके माता पिता उनका ख़्याल रख रहे थे।ओमी ने कहाँ कि उनके पिता ने परीक्षा को लेकर काफ़ी महनत की है ऐसे में उनका दायित्व बनाता थी वह उनकी महनत को जाया ना होने दें।ओमी ने अपनी कामयाबी के पीछे अपने शिक्षकों व क्लास टीचर को भी बताया और कहाँ की शिक्षक शिक्षिकाएं उन्हें काफ़ी अच्छे से समझाते थे दिन रात जब उन्हें पढ़ाई से संबंधित कोई समस्या होती थी तो उसे हल भी करते थे।ओमी ने कहाँ कि जब उनकी तबियत ख़राब हो गई थी तब स्कूल की क्लास टीचर ने उन्हें मोटीवेट किया था जिस वजह से आज उन्होंने यह सफलता पाई हैं।ओमी ने कहाँ कि नोट्स बनाकर पढ़ाई की हैं।ओमी अब यूपीएसई पास कर आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती हैं। सेंट जेवियर्स हायर सेकेंडरी स्कूल की दसवीं की छात्रा समृद्धि ने जनपद में टॉप कर स्कूल का नाम रौशन किया है।समृद्धि ने अपनी कामियाबी के पीछे अपने स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को बताया।समृद्धि ने कहाँ कि उनके ट्यूशन टीचर ने भी उन्हें काफ़ी अच्छे से पढ़ाया हैं।समृद्धि ने कहा कि प्रतिदिन 4 से 5 घंटे तक पढ़ाई कर उन्होंने यह मुक़ाम प्राप्त किया हैं।

#### छेड़छाड़ में मिली तीन साल की कैद और जुर्माना

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश हेमेंद्र कुमार सिंह ने छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को जुर्म साबित होने पर तीन साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने आरोपी पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर उसकी 75 फ़ीसदी पीड़िता को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है। थाना संडीला क्षेत्र के पटेहरा निवासी मुलायम ने 25 अगस्त 2019 को एक बालिका के साथ छेड़छाड़ की। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने दर्ज कराई। कहां की घटना के पूर्व उसकी बेटी घर से गोंडा जा रही थी। रास्ते में आरोपित ने छेड़छाड़ की। न्यायाधीश ने सबूत और दलीलों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया और सजा सुनाई।

### अभय ने 88 प्रतिशत अंक हासिल



**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल के हाई स्कूल के छात्र अभय त्रिवेदी ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता-पिता का मान बढ़ाया। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता अनमोल त्रिवेदी ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया और लोगों में भी मिठाई बांटी। उन्होंने अंग्रेजी, हिंदी और सोशल साइंस विषयों में 88-88 प्रतिशत और गणित में 82 प्रतिशत, विज्ञान में 80 प्रतिशत अंक और मार्केटिंग एंड सेल विषय में 94 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता-पिता को दिया है। उनके बाबा एडवोकेट संतोष कुमार त्रिवेदी ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### रिजल्ट देख मेधावियों के खिले चेहरे

**हरदोई, अमृत विचार।** कछौना कस्बा के यूजे इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने परचम लहराया, परीक्षा परिणाम देख विद्यार्थी झूम उठे। यह छात्र आगे चलकर जीवन के विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य कर देश को मजबूत करने का कार्य करेंगे। वह सभी छात्र अपनी सफलता का श्रेय परिवार व गुरुजनों को दे रहे हैं। विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र गौरी सिंगल 92 .5 प्रतिशत, वैभव गुप्ता ने 90 प्रतिशत, नेहा गुप्ता ने 88 .4 प्रतिशत, साविस्ता परवीन 85 .8 प्रतिशत, प्रार्थना गुप्ता 85 .4 प्रतिशत, प्रिया सिंह 85 प्रतिशत, प्रिया वर्मा 85 प्रतिशत, दिव्यांशी वर्मा 84 .6 प्रतिशत, कक्षा 12 कनिष्का सिंह 85 .02 प्रतिशत, श्रुतिका गुप्ता 83 .8 प्रतिशत अंक अर्जित कर परीक्षा उत्तीर्ण की।

### पिहानी के छात्र-छात्राओं का बेहतर रहा प्रदर्शन

सेंट जेवियर्स की पिहानी शाखा ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा में श्रेयांश रस्तोगी ने सर्वाधिक 96 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। समीर खान ने 89 .6 प्रतिशत, रजत कुमार ने 89 .4 प्रतिशत, दिव्यांशी आर्य ने 88 .6 प्रतिशत, मोहम्मद आमिर ने 85 .8 प्रतिशत प्राप्त किया। जबकि दसवीं की परीक्षा में आर्यन यादव ने 93 प्रतिशत, अलौकिक मनी ने 91 .6 प्रतिशत, शौर्या त्रिपाठी ने 88 .8 प्रतिशत, अफीफा खान ने 88 .2 प्रतिशत और फैसल खान ने 87 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं।

# लायंस में निकिता, टीआरएस में आकाश ने चूमा सफलता का गगन

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के कई कॉलेजों में सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित होते ही छात्रों की खुशी का ठिकाना न रहा। यहां के लायंस पब्लिक स्कूल में निकिता जॉय व टीआरएस कान्वेंट स्कूल में आकाश ने प्रथम स्थान लाकर स्कूल का नाम रोशन किया।

लायंस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य संध्या शुक्ला ने बताया कि कॉलेज का शानदार परीक्षा परिणाम रहा। उन्होंने बताया कि कक्षा 10 में विनीत गुप्ता ने 93.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, हिमांशु कनौजिया ने 92.4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व अंकित वर्मा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करते तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट में निकिता जॉइन ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, सुदीप मौर्य ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त का द्वितीय स्थान व देवांक त्रिपाठी, लिली आजाद ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की मैनेजर डॉ शकुंतला सिंह सहित शिक्षकों ने बधाइयां दी हैं। वहीं टीआरएस कान्वेंट स्कूल की डायरेक्टर डॉ विभा सिंह ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के 10वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कॉलेज के आकाश ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रमशा रियाज ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व शारीक ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के शिक्षक अभिषेक गुप्ता, अमन सिंह सहित अन्य ने बधाइयां दी हैं। लायंस पब्लिक स्कूल में निकिता जॉय व टीआरएस कान्वेंट स्कूल में आकाश ने प्रथम स्थान लाकर स्कूल का नाम रोशन किया।


उत्कृष्ट छात्रा का मुंह मीठा करते परिजन। अमृत विचार





लायंस पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य संध्या शुक्ला ने बताया कि कॉलेज का शानदार परीक्षा परिणाम रहा। कक्षा 10 में विनीत गुप्ता ने 93.4 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, हिमांशु कनौजिया ने 92.4 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व अंकित वर्मा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करते तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इंटरमीडिएट में निकिता जॉइन ने 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम, सुदीप मौर्य ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त का द्वितीय स्थान व देवांक त्रिपाठी, लिली आजाद ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की मैनेजर डॉ शकुंतला सिंह सहित शिक्षकों ने बधाइयां दी हैं। वहीं टीआरएस कान्वेंट स्कूल की डायरेक्टर डॉ विभा सिंह ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड के 10वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कॉलेज के आकाश ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रमशा रियाज ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व शारीक ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के शिक्षक अभिषेक गुप्ता, अमन सिंह ने बधाइयां दी हैं।

# लाभार्थियों को दिए छह लाख के चेक

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा- हथौड़ा बिलग्राम में शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, और अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही लाभार्थियो को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किये।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी राजेश (नॉमिनी) जो कि ग्राम-नूरपुर हथौड़ा के निवासी हैं, उनके पुत्र संदीप की मृत्यु 12 फरवरी गुजरात में करंट लगने के कारण हो गयी थी। शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार ने राजेश (नॉमिनी) को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया, जिसकी धनराशि 4 लाख रुपये है।

इसी तरह प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी अरविन्द कुमार (नॉमिनी) जो कि ग्राम-नूरपुर हथौड़ा बिलग्राम के निवासी हैं,उनकी पत्नी सीमा की मृत्यु के बाद प्रतीकात्मक चेक नामिनी को प्रदान की गयी सीमा की मृत्यु 18 फरवरी को हार्ट अटैक के कारण हुई थी। शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार ने मौजूद सभी लोगों से अनुरोध किया कि आप सभी लोग भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही इन सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाये और अपने सुरक्षित भविष्य के लिए अपनी जिम्मेदारियों को समझें।



चेक के साथ लाभार्थी। अमृत विचार

# प्रधान के भतीजे की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बूथ पर लगाया गया टेंट वापस करने के बाद वापस लौट रहे ट्रैक्टर में कंटेनर ने टक्कर मार दी,जिससे उस पर सवार प्रधान का भतीजा ज़ख्मी हो गया। पहले तो उसे पीएचसी पहुंचाया गया,जहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया,यहां आने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उधर हादसे के बाद ड्राइवर कंटेनर छोड़ कर भाग गया। पुलिस जांच कर रही है।

बताया गया है कि सोमवार की शाम को सवायजपुर कोतवाली के पाण्डेय पुर के प्रधान सुरजीत कटियार का 18 वर्षीय भतीजा बेबू कटियार उर्फ शौर्य कटियार पुत्र सुनील कटियार ट्रैक्टर से बूथ पर लगाया गया टेंट वापस करने सवायजपुर गया हुआ था,वहीं से वापस लौट रहा था,उसी बीच बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर खम्हरिया गांव के पास एक तेज़ रफ्तार कंटेनर ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी,जिससे बेबू बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। उसी बीच ड्राइवर कंटेनर को वहीं छोड़ कर भाग गया। हादसे का पता होते ही वहां काफी लोग पहुंच गए। ज़ख्मी हुए बेबू कटियार को पड़ोस के गौर खेड़ा की पीएचसी पहुंचाया गया,वहां के डाक्टरों ने हालत देखते ही उसे मेडिकल कालेज भेज दिया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। बेबू इण्टर की पढ़ाई कर रहा था। तीन भाइयों में वह छोटा था,उससे बड़े भाई रजत कटियार और शरद कटियार है। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया गया है।

### तमंचा दिखाकर जेवर से भरा बैग लूट ले गए बदमाश

**हरदोई, अमृत विचार।** पति का कारोबार संभाल रही रही पत्नी मंगलवार को अपनी सराफा की दुकान खोलने के लिए ई-रिक्शे से जा रही थी, उसी ई-रिक्शे पर बैठे दो युवको ने उसे तमंचा दिखा कर माल-ज़ेवर से भरा बैग लूट लिया और तीसरे युवक के साथ बाइक पर बैठ कर फरार हो गए। इसका पता होते ही एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार और सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने इस बारे में पड़ताल की। साथ ही एसओजी सर्विलांस टीम जांच कर रही है। कोतवाली शहर के खजांची टोला की सरिता गुप्ता अपने पति राजकुमार गुप्ता के न रहने के बाद सकतपुर में उसकी सराफा की दुकान संभाल रही थी। मंगलवार की सुबह सरिता रोज़ की तरह अपने नौकर बाबूराम के साथ ई-रिक्शे से दुकान खोलने जा रही थी। उसी बीच रास्ते में लूट की घटना हो गई। बैग में करीब 10 हज़ार की नगदी और ज़ेवर था,लूट ले गए,उसी बीच दोनों रास्तें में बाइक लिए खड़े एक तीसरे युवक के साथ भाग निकले। जबकि सरिता ने करीब पांच लाख रुपये की लूट होना बताई है।

# सड़क पर पड़ा मिला युवक मेडिकल कॉलेज में हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सुबह के वक्त घर से निकला युवक पिहानी रोड पर ओवर ब्रिज की सड़क पर पड़ा देखा गया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके काफी देर बाद उसकी शिनाख्त हो सकी। पुलिस सारे की जांच-पड़ताल कर रही है।

सोमवार की दोपहर पुलिस को पिहानी रोड ओवर ब्रिज वाली सड़क पर एक युवक के पड़े होने की सूचना दी गई। वहां पहुंची पुलिस ने उस युवक को एम्बुलेंस-108 की मदद से मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद से पुलिस उसके शव की शिनाख्त की कोशिश में जुट गई। उसी बीच पता चला कि कोतवाली देहात के बुद्ध नगर अब्दुलपुरवा निवासी 28 वर्षीय राहुल कुमार पुत्र भारत प्रसाद रविवार की सुबह घर से निकला हुआ था।

### मेडिकल कालेज में वृत्रा की मौत, घर ले गए शव

**हरदोई।** कोई ज़हरीली चीज़ के खाने से बुज़ुर्ग महिला की हालत बिगड़ गई। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां उसकी मौत हो गई। उसके बाद घर वाले चुपचाप शव उठा ले गए। सोमवार की शाम को साण्डी कस्बे के अली रज़ा की पत्नी कमरुन्निसां (60) को उसका पुत्र अकील अहमद इलाज के लिए मेडिकल कालेज ले कर पहुंचा, जहां कमरुन्निसां की मौत हो गई। इलाज करनए वाले डॉक्टरों ने संदिग्ध प्वाइजनिंग होने से मौत होना बताया।

### आग लगने से सिलेंडर में ब्लास्ट, झोपड़ी नष्ट

**हरदोई, अमृत विचार।** झोपड़ी के अंदर गैस चूल्हे पर खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई। जिससे सिलेंडर में विस्फोट हुआ और झोपड़ी तिनके की तरह हवा में उड़ गई। इस हादसे में खाना बना रही बुज़ुर्ग महिला आग से झुलस गई,उसे सीएचसी पहुंचाया गया,वहां से उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। जहां फिलहाल उसकी हालत नाज़ुक बनी हुई है। पचदेवरा थाने के मान नगला निवासी महेश वहीं पुलिया के पास झोपड़ी रखकर परचून की दुकान करता है। जहां हादसा हुआ।

# साधु के शव के पास पड़ा मिला था डंडा, शरीर पर थे चोट के निशान

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

फॉलोअप

**अमृत विचार।** नर्मदा स्थल पर 13 मई को बाबा महादेव पुरी का लहूलुहान शव पड़ा मिला था। शव के पास एक डंडा और खून इस बात का संकेत दे रहा है कि साधु महादेव पुरी की सिर पर हमला कर हत्या की गई लेकिन साधु के भाई द्वारा चबूतरे से गिरकर मौत होने की सूचना दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नर्मदा स्थल के श्मशान घाट के निकट बने शिव मंदिर पर महादेव पुरी कुटी बनाकर रह रहे थे। वह भोजन करने के लिए कभी कभार अपने दिलेर गंज स्थित घर आते थे। ज्यादा तर उनका भोजन कुटी ही बनता था। रात्रि में विश्राम भी महादेव पूरी अपनी कुटिया में ही करते थे। 13 मई को मतदान के दिन जब मॉर्निंग वॉक के लिए लोग नर्मदा स्थल पर पहुंचे तो साधु महादेव पुरी का लहूलुहान शव पड़ा देखा। सूचना मिलने पर रोते बिलखते परिजन नर्मदा स्थल पहुंचे तो वहां पर महादेव पुरी के शव के आसपास बड़ी मात्रा में खून पड़ा था और एक मोटा डंडा भी शव के पास पड़ा था। महादेव पुरी के सिर के साथ-साथ शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान थे। इससे यह स्पष्ट होता था कि महादेव पुरी की हत्या की गई। पुलिस को सूचना दी गई चूंकि मतदान का दिन था। पुलिस काफी व्यस्त थी। तकरीबन 3 घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर पुलिस ने मृतक के भाई श्याम बिहारी से एक तहरीर भी ली जिसमें श्याम बिहारी ने चबूतरे से गिरकर भाई की मौत की बात कही है। जबकि उस चबूतरे की ऊंचाई से गिरने पर किसी की मौत नहीं हो सकती। क्योंकि उस चबूतरे की ऊंचाई 2 फीट से ज्यादा नहीं है। महादेव पुरी के शव के पास बरामद जामुन का मोटा डंडा और सिर और शरीर पर मिले चोट के निशान कुछ और ही गवाही दे रहे हैं। नर्मदा स्थल पर आने जाने वाले लोगों एवं महादेव पुरी के एक नजदीकी बबलू शुक्ला का कहना है कि दो दिन पहले सुबह 3 बजे कुछ लोग अज्ञात लड़कियों के साथ वहां पर देखे गए थे जिनका बाबा ने और बबलू शुक्ला ने विरोध किया था। बबलू शुक्ला से लड़कियों के साथ आये युवकों ने मारपीट कर दी जिससे बबलू को चोटें भी आईं।

### मृतक के भाई से लिखवाई तहरीर

शाहाबाद कोतवाली पुलिस समर्थन के भाई श्याम बिहारी को बुलाकर कोतवाली लाई और कोतवाली में बुलाकर पुलिस द्वारा यह पूछा गया कि आपको अगर किसी पर शक हो तो बता दीजिए इस पर श्याम बिहारी ने किसी पर शक ना होने की बात कही और पुलिस ने इस मौके का फायदा उठाया और चबूतरे से गिरकर मौत होने कि मृतक के भाई से सूचना की तहरीर ले ली। क्योंकि इलेक्शन के दिन पुलिस काफी ज्यादा बिजी थी इसलिए पुलिस ने माथा पच्ची से बचने के लिए ऐसा किया।

### नर्मदा स्थल पर अराजक तत्वों की आवाजाही

नर्मदा स्थल पर पिछले कुछ दिनों से अराज तत्वों की आवाजाही तेजी के साथ बढ़ी है। दिन से लेकर रात तक यहां पर अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। देर शाम तक यहां पर नशेबाजी करने वाले युवा देखे जा सकते हैं। महादेव पूरी भी नशा करते थे, उनके पास भी नशेबाज लोगों का आना-जाना था।

# कर्ज के 25 लाख भरने को लेकर अजीत ने दिया हत्याकांड को अंजाम!

## एसटीएफ के क्राइम रिक्रिएशन के बाद अजीत ने खोले हत्याकांड के राज, पुलिस आज कर सकती है वारदात का राजफाश

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- घर की लाइट काटकर वारदात को दिया अंजाम
- मां के फैसले के बाद तैयार की थी घटना की स्क्रिप्ट

**अमृत विचार।** रामपुर मथुरा थाना इलाके के पाल्हापुर नरसंहार मामले में एसटीएफ टीम ने मंगलवार को आरोपी अजीत को पूछताछ के बाद घटनास्थल पर ले जाकर घटना का रिक्रिएशन किया। एसटीएफ टीम के साथ स्वाट टीम ने घर की छत से दो छोटे बच्चों की वजन के बराबर पुतले बनाकर छत से फेंककर घटना के पहलू समझने का प्रयास किया है। इस दौरान बड़ी बेटी के लिए पुलिस ने रिक्रिएशन के दौरान मिट्टी के बड़े घड़े का इस्तेमाल कर छत फेंककर पोस्टमार्टम में आई चोटों का अवलोकन करने का प्रयास किया। घटनास्थल पर अजीत के साथ 3 घंटे तक पुलिस ने गहन तहकीकात के बाद उसे हिरासत में लेकर वापस चली गई। सूत्रों की मानें तो एसटीएफ और पुलिस टीम घटना के रिक्रिएशन के बाद वारदात के खुलासे के करीब पहुंच गई है।

मालूम हो कि 11 मई की सुबह एक ही घर में किसान अनुराग और उसकी पत्नी प्रियंका, मां सावित्री और तीन बच्चों की हत्याओं के बाद पुलिस ने अनुराग को ही मानसिक रोगी बताकर हत्यारोपी बताया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरान्त पुलिस की थ्योरी गलत साबित होते ही पुलिस ने अनुराग के घर में बचे उसके भाई अजीत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सोमवार को एसटीएफ टीम की पूछताछ में अजीत ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।

सूत्रों की मानें तो उसने टीम को बताया कि शुक्रवार की रात उसने पहले पूरे घर की लाइट काट दी। लाइट कटते ही प्रियंका गर्मी के एसी बंद होने पर कमरे से निकलकर बाहर टहलने लगी। इस दौरान उससे पिता के किसान क्रेडिट पर बाकी 25 लाख रुपये चुकाने को लेकर प्रियंका से बातचीत की। बातचीत में मतभेद होने पर अजीत ने पहले प्रियंका पर हथौड़े से वार कर दिया और फिर उसके गिरते ही गोली मारकर मौत के घात उतार दिया। सूत्रों की मानें तो अजीत ने पुलिस को बताया कि उसके बाद वह नीचे उतरा और मां पर हथौड़े से हमला कर मौत के घात उतार दिया। उसके बाद अजीत खून से सना हथौड़ा लेकर भाई अनुराग के कमरे में घुसते ही पहले गोली मारी फिर नजदीक जाकर हथौड़े से चेहरे पर प्रहार कर दिया। अजीत ने बताया कि इसके बाद बच्चों के जगने पर वह सबसे पहले बड़ी बेटी अरना (12) को अपने साथ यह बताकर ले गया कि देखो तुम्हारे पापा के खून निकल रहा है। पापा को देखने के लिए जैसे बेटी ने पिता का झुककर सिर उठाने का प्रयास किया तो बेटी के सटाकर गोली मार दी। गर्दन में लगी गोली पार करते हुए पड़ोस में पड़े अनुराग के सिर में जाकर फंस गयी। जिसकी पुष्टी अनुराग की एक्सरे रिपोर्ट ने की। सिर पर खून सवार अजीत फिर दोनों बच्चों को हवा खिलाने के बहाने छत पर ले जाकर दोनों बच्चों को छत से फेंक दिया। बच्चों को मौत की पुष्टि करने जब अजीत नीचे पहुंचा तो उसने बच्चों में जान देखकर फिर हथौड़े से वार करते हुए घर का मुख्य दरवाजा बंद करके अपने कमरे में जाकर खून से सने कपड़ों को छिपा दिया। अजीत की यह इकबालिया कहानी पर पुलिस यकीन तो नहीं कर पा रही है क्योंकि पुलिस का मानना है कि इस घटना को अकेले अजीत नहीं अंजाम दे सकता है। इस वारदात में दो-तीन व्यक्ति और शामिल हैं। पुलिस जब अजीत से अन्य शामिल लोगों के नाम पूछती तो वह चुप्पी साध लेता है। अजीत का हिरासत में लगातार बयान बदलना परेशान किये है। हालांकि एसपी ने मंगलवार को आरोपी अजीत से आखिरी बार स्वयं पूछताछ कर घटना की वजह और शामिल लोगों के बारे में जानने का प्रयास किया है।

### अवैध असलहा और 8 जिंदा कारतूस बरामद

पुलिस की तहकीकात के दौरान घटनास्थल से मिले अवैध असलहे के साथ घर से 8 जिंदा कारतूस बरामद किये है। घटना के रिक्रिएशन के बाद पुलिस खुलासे के करीब पहुंच चुकी है। सूत्रों की मानें तो पुलिस बुधवार आज मामले का खुलासा कर सकती है। अजीत ने पूछताछ में किसी अन्य शख्स का नाम नहीं कबूला है। यह पुलिस के लिए सिरदर्दी बना हुआ है। मंगलवार को एसपी चक्रेश मिश्रा ने मामले की तहकीकात के लिए स्वयं ही आरोपी अजीत से पूछताछ की है।



बच्चों के पुतले जमीन पर फेंककर घटना की तहकीकात करती टीम व जमीन में पड़े पुतले।



घटनास्थल पर रिक्रिएशन के बाद मौके पर पड़े बच्चों के पुतले। अमृत विचार

> घटना का रिक्रिएशन कर हर पहलू को समझने की कोशिस की गई है। तीन टीमें लगातार मामले की तहकीकात और पूछताछ में लगी हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।
>
> –दिनेश शुक्ला, सीओ महमूदाबाद

### भाई-भाभी से नफरत, बच्चों की मौत पर पछतावा

पुलिस की कड़ाई से पूछताछ में अजीत मंगलवार को टूट गया। पुलिस सूत्रों की मानें तो अजीत के इकबालिया बयान के बाद अजीत ने मंगलवार को सिलसिलेवार घटना के रिक्रिएशन में सहयोग किया है। अजीत ने पुलिस को बताया कि उसे भाई-भाभी और मां को मारने का कोई अफसोस नहीं है। बल्कि बच्चों की मौत का उसे अफसोस है क्योंकि क्रेडिट कार्ड के पैसों को लेकर मां और भाई-भाभी से विवाद होता रहता था। इसमें बच्चों की कोई गलती नहीं थी।



मृतक अजीत और पत्नी प्रियंका की फाइल फोटो। अमृत विचार

### अजीत सहित 7 लोगों से पूछताछ

सोमवार और फिर मंगलवार को किसान अनुराग के परिवार की हत्या के बाद पुलिस मास्टरमाइंड अजीत सिंह और उसकी पत्नी सहित शक के आधार पर मृतक अनुराग के चाचा आरपी सिंह, दोनों बेटे आशुतोष और अमित से कड़ाई से पूछताछ की है। पूछताछ के घेरे में अजीत के घर के दोनों नौकर वीरेश और सर्वेश सहित अनुराग का बहनोई अलकेंद्र भी शामिल है। पुलिस ने मृतक के चाचा आरपी सिंह को छोड़कर दोनों नौकर और बहनोई अलकेंद्र सहित आरपी सिंह के दोनों बेटों से पूछताछ की है।

### अजीत के घर की पुलिस ने डेढ़ घंटे ली तलाशी

अजीत के इकबालिया जुर्म के बाद पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एसटीएफ और स्वाट टीम अजीत के महमूदाबाद स्थित आवास पर पहुंची। नहर कॉलोनी स्थित आवास पर अजीत अपने बच्चों और परिवार के रहता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस यहां करीब साढ़े 5 बजे के क़रीब पहुंचकर डेढ़ घण्टे तक जांच पड़ताल करते हुए सघन तलाशी ली। लोगों ने बताया कि इस दौरान पुलिस के कुछ व्यक्ति घर के ऊपर रखी पानी की टंकी में काफी देर तक तलाश की है लेकिन पुलिस को अजीत के घर से क्या अहम सुराग मिलें है यह अभी सवाल बना हुआ है।

### किसान क्रेडिट कार्ड पर लिए गए थे 25 लाख रुपये

पुलिस की पूछताछ में अजीत ने इस घटना के पीछे अहम वजह साफ कर दी है। प्रॉपर्टी और जमीन से हटकर हत्याकांड की वजह पिता के किसान क्रेडिट कार्ड पर लिए हुए 25 लाख रुपये अहम वजह बनी है। ऐसा अजीत ने पुलिस को इकबालिया बयान दिया है। सूत्रों की मानें तो अजीत ने बताया कि 25 लाख रुपयों के लिए मां ने फैसला किया था कि 12-12 लाख रुपये दोनों भाई मिलकर जमा कर दो, दुकान बेचने की जरूरत नहीं है। अजीत का कहना था की जब पैसे बड़े भाई ने लिए है तो वह पूरे पैसे स्वयं जमा करें या दुकानों को बेचकर कर्ज की रकम जमा करें। अनुराग और उसकी पत्नी प्रियंका सहित मां सावित्री इसके लिए राजी नहीं था। इसलिए अजीत सभी से खुन्नस में था।

### अजीत की आखिरी कॉल खोल सकती है राज

पुलिस सूत्रों की मानें तो इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने के बाद अजीत ने किसी शख्स को घटना देने के बाद फोन कर जानकारी दी। वह परिवार का ही सदस्य है। बताया जाता है कि पुलिस से पहले घटनास्थल पर पहुंचा तो साक्ष्यों को मिटाने में उसमे अजीत की मदद की। इस दौरान परिवार के शख्स की लिखी कहानी को अजीत ने पुलिस के सामने बयां किया है। सूत्रों की मानें तो घर के बाहर बच्चों की हालत देखकर वह कुछ सेकेंडों के लिए बेहोश भी हुए जिन्हें अजीत संभालकर अपने कमरें में ले गया। पुलिस का मानना है कि वह व्यक्ति कौन है यह अजीत के फोन की कॉल डिटेल और सीडीआर आने के बाद ही पता चल सकेगा।

## एक नजर

### बिजली तार की चपेट में आने से शूकर की मौत

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलबटनपुर में रास्ते में टूटे पड़े बिजली के तार की चपेट में आकर एक शूकर की दर्दनाक मौत हो गई। ग्राम अलबटनपुर मजरा अकबरपुर निवासी हरिनाम पुत्र नेतराम ने विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी को पत्र देकर आरोप लगाया है कि मंगलवार सुबह नहर और अकबरपुर के बीच में रास्ते में पड़े बिजली के तार से चिपक कर उसके 20 हजार की कीमत के शूकर की मौत हो गई है, हरिनाम ने कार्रवाई के साथ मुआवजा दिए जाने की मांग की है। इस संबंध में अवर अभियंता अभिनव शुक्ला ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नदी पर बने रहे पुल के नीचे दिखा मगरमच्छ, हड़कंप

**लहरपुर।** तंबौर मार्ग पर किवानी नदी पर बने पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण नए पुल का निर्माण कराया जा रहा है। जहां कई मजदूर काम कर रहे हैं। मंगलवार को नदी के पानी में मगरमच्छ दिखाई देने से काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया। मौके पर काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व एक बकरी की गर्दन पानी के पास मिली थी, मगरमच्छ एक कुत्ते का भी शिकार कर चुका है। मगरमच्छ अक्सर शिकार की तलाश में पानी से बाहर आता है। मजदूरों का कहना है कि भारी संख्या में पुल निर्माण में मजदूर काम कर रहे हैं और गांव के बच्चे भी बकरी चराने नीचे आते हैं। ऐसे में नदी में मगरमच्छ दिखने से हर समय दहशत बनी रहती है। वहीं इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी बृजेश पांडे ने बताया कि मगरमच्छ की सूचना मिली है, सभी लोग मगरमच्छ पकड़े जाने तक सावधानी बरतें। वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा जा रहा है, शीघ्र ही उसे पकड़वाकर नदी में छोड़ दिया जायेगा।

### अब इंटर लाकिंग से सुधरेगी आवागमन व्यवस्था

**गोंडा।** नवसृजित नगर पंचायत बेलसर के रगड़गंज कस्बे में 23 लाख रुपए से इंटर लाकिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। इंटर लाकिंग लगने से आवागमन व्यवस्था में सुधार होगा। नवसृजित नगर पंचायत बेलसर के रगड़गंज कस्बे में इंटर लाकिंग कार्य कराया जा रहा है। इंटर लाकिंग लग जाने से यातायात व्यवस्था में सुधार हो जाएगा। कस्बे में अतिक्रमण होने के कारण अक्सर जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता था।

# ९८.८ अंक लाकर अंशज यादव बने हाईस्कूल जिला टॉपर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**चमकी मेधा**

- प्रधानाचार्य ने की सभी के बेहतर भविष्य की कामना
- विद्यार्थियों के अभिभावकों को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षा में जिले मे कुल 99.9 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। बीते वर्ष के परिणाम से इस वर्ष का परिणाम लगभग बराबर रहा। यह दूसरी बार है जब 10वीं और 12वीं का परिणाम एक साथ जारी हुआ है।

शहर के नवीन चैक स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में सोमवार को सीबीएसई बोर्ड का कक्षा 10 व 12 का परीक्षा परिणाम आने पर छात्रों वह अभिभावकों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे कक्षा 10 में विद्यालय के अंशज यादव ने 98.8 अंक लाकर जिले में टॉप किया एवं प्रदेश 10वां स्थान प्राप्त कर जिले व स्कूल का नाम रोशन किया। इसी के साथ विद्यालय के पार्थ भार्गव 98, देवांश वर्मा 97.8, मयंक वर्मा, श्रेयांश सिंह 97.6, हर्ष राज 97.2, आदित्य द्विवेदी 96.8, स्वपनिल वर्मा 96.6, पियूष मिश्रा 96.4, सार्थक गुप्ता ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कुल 61 छात्र छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर माक्र्स लाकर विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया। साथ ही कक्षा 12 की इंशा अंसारी, प्रियांशी यादव, दिनाली शर्मा, अदिति जायसवाल आदि ने 95 प्रतिशत से ऊपर माक्र्स लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इसी के साथ मयित्री भारती 96.6, दिनाली शर्मा 96.4, तन्मय श्रीवास्तव 95.4, अनन्या 95.2, शुभी मिश्रा 94.8, श्रेया शुक्ला, प्रियांशी वर्मा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त जिला व विद्यालय का मान बढ़ाया। दोनों कक्षाओं में विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम सिंह ने सभी छात्रों को मुंह मीठा करा कर शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य हेतु उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई। छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।



परीक्षा के परिणामों के बाद हवा में उछलकर खुशी जतातीं छात्राएं। अमृत विचार

## ओएनजीसी कम्युनिटी स्कूल के शिवांश ने बढ़ाया मान

**लहरपुर, अमृत विचार।** सीबीएसई के हाईस्कूल के नतीजों में क्षेत्र के ओएनजीसी कम्युनिटी स्कूल के शिवांश शुक्ला ने 98 प्रतिशत एवं अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल की छात्रा सृष्टि वर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया। ओएनजीसी कम्युनिटी स्कूल के छात्र शिवांश शुक्ला जोकि ग्राम केसरीगंज के निवासी हैं। उन्होंने हाईस्कूल परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया। शिवांश शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां ममता शुक्ला अपने चाचा दिलीप शुक्ला व गुरुजनों को दिया। उन्होंने बताया कि मेरी मां व मेरे चाचा ने पढ़ाई के लिए हमेशा प्रेरित किया, उनका उद्देश्य आईआईटी करके इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाने का है। क्षेत्र के अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल की छात्रा आयुषी मनार ने 93 प्रतिशत मोहम्मद आतीर ने 88.2 प्रतिशत प्रांशी पुरी ने 88 प्रतिशत एवं शिवा भार्गव ने 88 प्रतिशत अंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।



शिवांश को मिठाई खिलाते परिजन।

## विद्या ज्ञान के छात्रों ने हासिल किए शतप्रतिशत अंक

**कमलापुर, सीतापुर।** कमलापुर स्थित विद्या ज्ञान इण्टर कालेज के हाईस्कूल एवं इंण्टरमीडिएट के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की। जिसमें से विद्या ज्ञान के हाईस्कूल के टाप टेन छात्र-छात्राओं का परिणाम कुछ इस तरह रहा। हाईस्कूल के परिणाम में सचिन कुमार 98.25, सत्यम यादव 97.75, श्रेया शुक्ला 97.75, शुभम स्वांत 97.75, भावेश जोशी 97.5, माज खान 97.5, सुंदरम् 97.5, अभिनव 97.25, नितेश कुमार वर्मा 97, अंश मिश्रा 96.75, राकेश यादव 96.75, रंजन कुमार 96.75, वैभव पटेल 96.75, अभिषेक यादव 96.5, अंशू वर्मा 96.5, आशुतोष ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। वहीं विद्या ज्ञान इण्टर कालेज के इण्टरमीडिएट में रागिनी तिवारी 97.25, आदविका सिंह भदौरिया 97, समीर आत्मज मिश्रा 96.75, शैलजा अवस्थी 96.75, आयुषी यादव 96.25, अनिकेत कुमार 96, विनीत यादव, अंकित कुमार सिंह 95.50, निमिषा गुप्ता, खुशबू यादव, सूर्य प्रताप सिंह 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया।

## सार-संक्षेप

### खराब हैंडपंप मरम्मत की ग्रामीणों ने की मांग



गांव में खराब पड़ा हैंडपंप। अमृत विचार

**कमलापुर।** ब्लाक कसमण्डा की ग्रामपंचायत ललवा पूर्ववर्ती बसपा सरकार के शासन काल मे अम्बेडकर ग्राम पंचायत चयनित था। ऐसे में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए प्रशासन ने ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण कराया था। ग्रामीण छोटेलाल, मालती, मूलचंद आदि लोगों ने बताया कि विगत कई वर्षों से टंकी का पानी गांव मे नहीं आ रहा है और वर्तमान समय में ग्राम पंचायत में लगे इण्डिया मार्का हैंडपम्प भी खराब पड़े हैं। जो चालू हालत में हैं उन हैंडपम्पों में दूषित पीला पानी आता है। गांव के निवासी छोटेलाल ने बताया कि मेरे घर के सामने एक वर्ष से हैंडपंप खराब पड़ा था। ग्राम प्रधान ने रिबोर कराया था, लेकिन 20 दिन चलने के बाद पानी देना बंद कर दिया था। वहीं लालवा गांव के निवासिनी मालती देवी ने बताया कि गांव के नजदीक सामुदायिक शौचालय के पास हैंडपंप लगा है। मजबूरन ग्रामीणों को गंदा पानी पीना पड़ रहा है। कई बार जिम्मेदारों से कहा गया, फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब इस विषय पर खंड विकास अधिकारी कसमंडा प्रशांत कुमार शुक्ला से बात करनने का प्रयास किया गया, तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

### शिक्षक समस्याओं के निस्तारण पर लेखाधिकारी सम्मानित

**गोंडा।** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने वित्त लेखाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। संघ के मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सिंह व जिला अध्यक्ष किरन सिंह के संयुक्त नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक संजय चतुर्वेदी से मुलाकात कर उन्हें समय से वेतन, डीए अवशेष, एरियर, जीपीएफ लोन, विकलांग भत्ता का पुनरीक्षण, चयन वेतनमान निर्धारण तथा शिक्षकों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने पर माल्यार्पण कर बधाई दी और उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

**जताया संतोष** | मतदान के बाद समर्थकों, कार्यकर्ताओं और परिवारीजन के साथ फुर्सत में बिताया दिन

# वोट के रूप में जनता का मिला भरपूर प्यार : आनंद

**सीतापुर, अमृत विचार।** चौथे चरण के लिए सोमवार को मतदान संपन्न हो जाने के बाद धौरहरा लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने मंगलवार की सुबह अपने सहयोगियों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ बिताई। साथ ही परिवार के सदस्यों के साथ भी उन्होंने सुकून के पल गुजारे।

धौरहरा लोकसभा के कांग्रेस-सपा गठबंधन के प्रत्याशी एवं विधान परिषद के पूर्व सदस्य आनंद भदौरिया ने कहा कि धौरहरा के मतदाताओं ने जिस तरह से मतदान में हिस्सा लिया, उसके लिए वह उनके आभारी हैं। साथ ही उन्होंने इस चुनाव अभियान में सहयोग करने के लिए क्षेत्र के लोगों का आभार जताते हुए मीडिया के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया। चुनावी प्रचार की व्यस्तता के बाद घर-परिवार के साथ समय बिताने के साथ ही आम दिनों की तरह लोगों से मेल मुलाकात भी की। समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ उन्होंने विभिन्न बूथों पर हुए मतदान की समीक्षा की। एक प्रश्न के उत्तर में आनंद भदौरिया ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत चुनावी व्यस्तता समाप्त हो गई है, लेकिन इस बीच यदि पार्टी की तरफ से उन्हें कोई जिम्मेदारी मिलती है, तो वह उसके लिए तैयार हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने यह भी कहा कि विधान परिषद के सदस्य के रूप में मैंने पूर्व में जनता की जो सेवा की है, जो विकास कार्य कराएं हैं वह क्षेत्र के सभी लोग जानते हैं। जिसके चलते इस लोकसभा चुनाव में आम मतदाता मेरे समर्थन और सहयोग में रहे और लोगों ने मुझे वोट के रूप में अपना भरपूर प्यार भी दिया। इस दौरान उन्होंने पूर्व विधायक रमेश राही को मिठाई खिलाकर उनके सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, महोली नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन दिनेश गुप्ता टीटू, जिला पंचायत सदस्य अशोक राजवंशी, महोली विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश शुक्ला, हरगांव विधान सभा इकाई के अध्यक्ष फुरकान खां, सपा के पिसावां ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव, कांग्रेस के पिसावां ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस के महोली ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडेय, सपा के महोली ब्लॉक अध्यक्ष कल्लू मिश्रा, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के शिव कुमार भार्गव, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवम सिंह, ग्राम प्रधान नादिर, पूर्व प्रधान कमलेश सिंह, हेमपाल अर्कवंशी, अवनीश मिश्रा गुड्डू, अंकित त्रिवेदी, मोनू दीक्षित आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



अपने समर्थकों के साथ चर्चा करते धौरहरा प्रत्याशी आनंद भदौरिया। अमृत विचार

# स्ट्रांग रूम में जमा की गई ईवीएम

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** सोमवार को मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद देर रात तक पोलिंग पार्टियां ईवीएम जमा करती रहीं। सशस्त्र प्रशिक्षण केंद्र में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। जहां कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम को जमा कराया गया है। ईवीएम को जमा करने के बाद ही पोलिंग पार्टियां घर वापस जा पाईं। मतदान केंद्रों से पोलिंग पार्टियों ने ईवीएम को सीलकर पीएसी में बने एटीसी में जमा कराया। वहीं आला अधिकारियों ने भी स्ट्रांग रूम का जायजा लिया। अब चार जून को मतगणना होगी। तब तक ईवीएम कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एटीसी में रहेंगी। स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।



एटीसी में ईवीएम जमा करतीं पोलिंग पार्टियां। अमृत विचार

## एक नजर

### इंटरलॉकिंग से सुधरेगी आवागमन की व्यवस्था

**बेलसर, अमृत विचार :** रगड़गंज कस्बे में 23 लाख से इंटरलाकिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। इंटरलाकिंग से यातायात व्यवस्था में सुधार हो जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने बताया कि 23 लाख रुपये से बारह किमी. इंटरलाकिंग कार्य होना है। जिसमे गोंडा, तरबगंज, परसपुर, उमरी बेगमगंज मार्ग पर तीन-तीन किमी. इंटरलॉकिंग कार्य तेजी के साथ कार्य कराया जा रहा है।

### किसान का छप्पर जलाने पर मुकदमा दर्ज

**परसपुर, अमृत विचार :** किसान का छप्पर जलाने के आरोप में चार पर केस दर्ज कराया गया है। ग्राम कुड़ियांव निवासी राम नरायन यादव ने आरोप लगाया कि उनके गांव के लल्ला उर्फ दिनेश, चन्दर यादव तथा भुर्रे उर्फ संजय ने अंकित सिंह ग्राम भुजंग पुरवा आंटा के सह पर दस बोझ सेठा तथा आधा छप्पर उजाड़ कर खेत में ले जाकर आग लगा दिये। जिससे उनका सेठा व छप्पर जलकर राख हो गया।

### दुकान बंद कर घर जाने के लिए निकला युवक लापता

**परसपुर, अमृत विचार :** मोहना चौराहे पर कॉस्मेटिक की दुकान करने वाला एक युवक सोमवार रात लापता हो गया। लापता युवक के पिता ने तरबगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले कुछ लोगों पर बेटे का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। ग्राम छतौनी का इंतजार (25) की मोहना चौराहे पर कॉस्मेटिक व चप्पल-जूते की दुकान है। परिजनों का कहना है प्रतिदिन की तरह सोमवार को भी इंतजार अपनी दुकान पर था। रात करीब 9.30 बजे दुकान बंद करने के बाद वह घर लौट रहा था लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। वह रास्ते से ही लापता हो गया।

# गोंडा-अयोध्या हाईवे पर हादसा सगे भाइयों समेत तीन की मौत

## अभी एक सप्ताह पहले भी तीन लोगों की जा चुकी है जान

संवाददाता, नवाबगंज


अभय।


आदर्श।


सूरज।

**अमृत विचारः** अयोध्या-गोंडा राजमार्ग हादसे की सड़क बन गई है। एक सप्ताह पहले एक भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और आठ लोग घायल हुए थे। सप्ताह भर भी नहीं बीता, सोमवार की देर रात तीन युवक फिर हादसे के शिकार हो गए। नवाबगंज के शोभापुर गांव के पास सोमवार की देर रात कार और बाइक में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार सगे दो भाइयों समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अयोध्या के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां पर मौजूद डाक्टरों ने तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि वजीरगंज थाना क्षेत्र के अनभुला खानपुर गांव के रहने वाले अभय (20) व आदर्श (18) पुत्रगण अर्जुन सिंह दोनों सगे भाई हैं। आदर्श इंटरमीडिएट का छात्र था जबकि उसका बड़ा भाई अभय बीएससी का छात्र था। सोमवार की रात दोनों भाई बाइक से कहीं गए थे।

शोभापुर गांव के पास रिश्ते में मामा सूरज (19) पुत्र विजय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह भी कहीं से अपने घर तुलसीपुर जा रहा था। दोनों की आपसी में मुलाकात हुई और सड़क के किनारे आपस में बात करने लगे। इसी बीच तेज रफ्तार से निकली कार ने तीनों को तेज टक्कर मार दी। इसमें तीनों घायल हो गए। तीनों युवकों को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बालक से कहीं गए थे।

शोभापुर गांव के समीप उनकी बाइक में एक कार ने ठोकर मार दी जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक अभय के चाचा अवधेश प्रताप सिंह की तहरीर पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही कार को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपी कार चालक को पकड़ लिया जाएगा।


कार की टक्कर से क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल। अमृत विचार

### आमने-सामने बाइकों की टक्कर में वृद्ध की मौत

**संवाददाता, मसकनवा, अमृत विचार :** मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। एक 21 वर्षीय युवक घायल हो गया। उप निरीक्षक घनश्याम वर्मा ने बताया कि मंगलवार को कपिलदेव वर्मा दीननगर रेलवे क्रॉसिंग के पास बाइक से मसकनवा जा रहे थे। इस बीच उनकी बाइक चालक से भिड़ंत हो गई। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी छपिया ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने कपिलदेव को मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि, आकाश का इलाज जल रहा है।

# वोट डालय पोलिंग पर हम जाब पिया...

## लोक गायक दीनानाथ सैनी ने लोकगीत के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

संवाददाता, परसपुर



लोकगीत के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** एक तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों, प्रत्याशियों ने क्षेत्र में जनसंपर्क तेज कर दिया है। वहीं शत प्रतिशत मतदान को लेकर शैक्षिक व सामाजिक संस्थाओं की ओर से जगह-जगह मतदाता जागरूकता के आयोजन हो रहे हैं।

वोट डालय पोलिंग पर हम जाब पिया, बटन देबै दाब पिया, मतदाता जागरूकता गीत की सराहना हो रही है। परसपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम खरगू चांदपुर के रहने वाले लोक गायक दीनानाथ सैनी ने मतदाता जागरूकता को लेकर ढोलक हारमोनियम पर प्यारा लोकगीत प्रस्तुत किया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल मतदाता जागरुकता अवधी गीत के इस वीडियो को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। सिंगर डीएन सैनी ने बताया कि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मतदान में सहभागिता अवश्य करें। उन्होंने 20 मई को पहले मतदान फिर जलपान की आमजन से अपील की। बताया कि एक नवविवाहिता युवती अपने पति से पहली बार वोट डालने की खुशी प्रकट कर रही है। जिसे लोकगीत के माध्यम से गीतकार राजन कुशवाहा की रचना पर ढोलक सत्य नारायण यादव, स्वामीनाथ यादव, राम समोखन यादव 'रसिया' ने मनमोहक अंदाज में संगत किया है।

## मतदान केंद्रों पर होंगी सभी सुविधाएं

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग मतदान केंद्र पर मतदाताओं के लिए सभी जरूरी सुविधा प्रदान करता है जिससे मताधिकार का प्रयोग करने आए मतदाता को कोई असुविधा न हो। निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान केंदों पर पीने के लिए पानी, शौचालय, वेटिंग एरिया में लंबी कतार होने पर बैठने की व्यवस्था, दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था, रैंप एवं वॉलिंटियर की व्यवस्था मौजूद रहेगी। इसके अलावा निर्वाचन आयोग ने सभी मतदाताओं से पोलिंग बूथ पर मोबाइल फोन न लाने की अपील की है। बूथ के अंदर मोबाइल फोन वर्जित रहेगा।

# मतदान के दिन सील किया जाएगा सीमांत जिले का क्षेत्र

गोंडा कार्यालय


गोंडा-अयोध्या व बस्ती बार्डर पर जानकारी लेतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लोस चुनाव को लेकर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहा है। 20 मई को जिले में मतदान होगा। डीएम कर्मचारियों के प्रशिक्षण, वाहन की उपलब्धता तथा बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था देख रही हैं।

मंगलवार को डीएम नेहा शर्मा ने अयोध्या, गोण्डा-बस्ती सीमा का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्रीय पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने को निर्देश दिए। कहा भयमुक्त लोग अपना मत अपने प्रत्याशियों को दें। इसके लिए सभी थाना अध्यक्ष, पुलिसकर्मी भय मुक्त वातावरण बनाने में महती भूमिका निभाएं। सीमा क्षेत्र के अराजकतत्वों पर नजर रखी जाए। सीमा क्षेत्र की पुलिस चौकी इंचार्ज को भी निर्देश देते हुए अपराधियों पर कार्यवाही करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग की मंशा है कि चुनाव में कहीं भी किसी भी दशा पर भय न हो। मतदान का उपयोग करें। जिलाधिकारी ने सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए और कड़े प्रबंध करने को कहा।

# 12 में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर डाल सकते हैं वोट

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक 12 प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर वोट डाला सकेगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। लेकिन ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैकों/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये सांसदों या विधायकों अथवा विधान परिषद् सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र शामिल है। उन्होने यह भी बताया कि वातान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से वितरित किये जायेगें। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूम में नहीं माना जायेगा।

## फीडर में खराबी से आठ घंटे बत्ती गुल

**इटियाथोक, अमृत विचारः** विद्युत उप केंद्र से निकले साउथ फीडर के सर्किट ब्रेकर में आई खराबी से आठ घंटे तक आपूर्ति बंद रही। इस वजह से साउथ फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति नहीं हो सकी। विद्युत उप केंद्र इटियाथोक से निकले साउथ फीडर के सर्किट ब्रेकर में मंगलवार की देर रात ढाई बजे अचानक खराबी आ गई। इससे साउथ फीडर से जुड़े रानीपुर, सिसई बहलोलपुर, दिखलौल, गनवरिया, पारासराय, बस्ती, बेलवा बहुता, नारे महरीपुर, सेखुई, बरडीहा आदि गांवों की आपूर्ति बाधित हो गई। मंगलवार की सुबह करीब दस बजे संविदा कर्मचारियों ने फाल्ट दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल कराई।

# मतगणना स्थल पर हो विशेष सफाई: डीएम

## अधिकारी ने नवीन गल्ला मंडी स्थित मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

गोंडा कार्यालय


मतगणना स्थल का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया। जाए बांस बल्ली लगाने की काम पूरा कर लिया जाए। उक्त बातें जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मतगणना स्थल बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी के निरीक्षण के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि विधानसभा वार ईवीएम रखी जाएगी । उस जगह पर साफ सफाई हो जाए। जिन कमरे में मशीन रखी जाएगी उनके ताले व सटर को देख लिया जाए ऐसा ना उसमें किसी तरीके की गड़बड़ी हो। जहां पर मतगणना होना है उसकी पूरी तरीके से बेरीकेडिंग हो जाए। सुरक्षा कर्मियों तथा मीडिया कर्मियों के बैठने की जगह भी सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी बहुत पड़ रही है। ऐसे में पीने की पानी की पूरी तरीके से व्यवस्था हो इसमें किसी तरीके से लापरवाही ना की जाए। उन्होंने कहा कि दोनों प्लेटफार्म की मरम्मत समय सही कर ली जाए। अभी भी जो फर्श थोड़ी बहुत टूटी है उसको पूरा कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने मंडी सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि मतगणना स्थल की तैयारी पूरी हो इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन दी जाए। मतगणना स्थल पर किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से वार्ता करते हुए मतगणना तक व्यवस्था बनाए रखना की पहल की जाय। सफाई व्यवस्था अभी मुकम्मल नहीं है उसको पूरा करें। जो कर्मचारी मतगणना स्थल को संरक्षित कर रहे हैं प्रतिदिन रिपोर्ट जरूर दें। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, मंडी सचिव मुकेश जायसवाल, मंडी निरीक्षक राजेश सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# हवाई यातायात नियंत्रण पद पर रामकृष्ण का चयन

संवाददाता, करनैलगंज



**अमृत विचार :** प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। यह साबित कर दिया है सकरौरा ग्रामीण के एक सामान्य परिवार के बेटे रामकृष्ण पाण्डेय ने। रामकृष्ण का चयन हवाई यातायात नियंत्रण पद पर हुआ है जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

मजरा छतईपुरवा निवासी रामकृष्ण पाण्डेय ने बताया कि उन्हें भारतीय विमानपतन प्राधिकरण मानव संसाधन विभाग द्वारा 27 दिसंबर 2023 को आयोजित कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में किए गए प्रदर्शन एवं 22 फरवरी से 6 मार्च 2024 तक आवेदन वेरिफिकेशन, वॉइस टेस्ट, साइकोएक्टिव पदार्थ के परीक्षण, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन और शारीरिक चिकित्सा परीक्षा के आधार पर अनंतिम रूप से जूनियर एग्जीक्यूटिव वायु यातायात नियंत्रण के पद पर नियुक्ति के लिए चयनित किया गया है। प्रारंभिक शिक्षा शिव नारायन सिंह इंटर कॉलेज लक्ष्य से पूरी की। हाईस्कूल की परीक्षा में जिला टॉपर की सूची में चतुर्थ स्थान हासिल किया था।

# आज से तीन दिनों तक बंद रहेगा सीतापुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग

- हेमपुर-नेरी समपार फाटक पर चार पैनल का गाटर रखने का चलेगा काम
- हरगांव और सिधौली से वाहनों का होगा डायवर्जन

**सीतापुर, अमृत विचार।** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर सीतापुर से होकर बरेली जाने वाले यात्रियों को आज से तीन दिनों तक लम्बे रुट का सफर तय करना होगा। ऐसा इसलिए क्योकि लम्बे समय से अटके रेलवे समपार फाटक पर गाटर रखकर ओवरब्रिज निर्माण को रेलवे ने मंजूरी दे दी है। बुधवार से शुक्रवार तक इस रुट पर वाहनों का आवागमन ठप रहेगा। इस मार्गो से निकलने वाले वाहनों को हरगांव से होकर गुजरना पड़ेगा। इसके साथ ही लखनऊ से आने वाले वाहन सिधौली से मिश्रिख होते हुए पिसावा पहुंचकर बरेली रुट पर वापस आ सकेंगे।

एनएचआई के प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हेमपुर रेलवे क्रॉसिंग पर लम्बे समय से लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता था। रेलवे से मंजूरी मिलने के बाद एनएचआई 15 मई से 17 मई तक नेरी- हेमपुर 145 सी रेलवे समपार फाटक के ऊपर 4 पैनल का गाटर रखने का काम किया जायेगा।

प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रजेश कुमार ने बताया कि गाटर रखने के बाद करीब 2 माह तक काम चलने के बाद ओवरब्रिज से वाहनों का आवागमन शुरू हो सकेगा। जिससे लोगों को घंटों लगने वाली जाम की समस्या से निजात मिल सकेगा। एनएचआई के गाटर रखने के दौरान 800 टन की मशीन कार्य करने के दौरान रेलवे मार्ग पर ट्रेनों का आवागमन भी बाधित रहेगा। इस रेल मार्ग पर करीब 50 ट्रेनों का आवागमन होता है।


क्रेन से रखे जाते गाटर।


निर्माण कार्य में लगे मजदूर। अमृत विचार

### इन मार्ग पर डायवर्ट होंगे वाहन

सीतापुर से बरेली जाने वाले वाहनों को तीन दिनों तक हेमपुर समपार फाटक बंद होने से वाहनों का डायवर्जन किया गया है। सीतापुर से गुजरने वाले वाहनों को हरगांव से महोली होते हुए बरेली मार्ग पर निकलने की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही लखनऊ से बरेली जाने वाले वाहनों को सिधौली से मिश्रिख होते हुए पिसावां मार्ग से जाने की वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है।

### सालों से लटका है काम

लखनऊ- दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग दशकों पहले बनना शुरू हुआ था। सरकारें बदली लेकिन दिल्ली-लखनऊ मार्ग में सीतापुर से बरेली तक की सूरत नहीं बदल सकी। सालों से चल रहे काम में पिछले वर्ष तेजी आने के बाद अब मई माह में हेमपुर समपार फाटक लोगों के लिए रोजाना घंटों परेशानी का सबब बनती जा रही थी। रेलवे से मंजूरी काफी प्रयासों से मिलने के बाद लोगो को अब फिर आस जगी है कि जल्द ही इस जाम से लोगों को निजात मिल सकेगी।

**सराहनीय** गौरैया बचाओ अभियान अंतर्गत सोनबरसा के बच्चों ने टहनियों पर लगाया दाना, पानी और घोंसला

# दाना-पानी व घोंसले की व्यवस्था कर बच्चों ने दिखाया प्रकृति प्रेम

गोंडा कार्यालय



पक्षियों के लिए बनाए गए घोंसले और पानी के बर्तन को प्रदर्शित करते बच्चे।

**अमृत विचारः** मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर के बच्चों व शिक्षकों ने एक नेक कार्य की शुरुआत करते हुए पक्षियों के लिए दाना, पानी व घोंसले की व्यवस्था कर प्रकृति प्रेम का प्रदर्शन किया।

इसी क्रम में स्प्राइट की बोतल काटकर पानी रखने के लिए बर्तन तैयार किया। दाना रखने के लिए टोकरी की व्यवस्था की व प्लाई का घोंसला बनाकर पक्षियों के लिए आशियाने की व्यवस्था की। शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया के मार्गदर्शन में बच्चों ने बोतल में पानी, टोकरी में दाना रखकर पेड़ों की टहनियों पर टांगें गये। साथ ही कुछ घोंसले को टहनियों पर टांगा गया व कुछ को टहनियों के बीच रखा गया। कहा गया कि गर्मी के दिनों में सभी लोगों को पक्षियों के लिए दाना और पानी के साथ-साथ घोंसले की हर हाल में व्यवस्था करनी चाहिए। इससे जहां पक्षियों को दाना-पानी मिलेगा वहीं, इसका इंतजाम करने वालों को काफी पुष्य मिलेगा। छात्र-छात्राओं सूरज, संजू, करिश्मा, राजकुमार, अजीत, विनोद, अमन, अर्चना, वृजमोहन, अनामिका, शोएब, माधुरी, शिवा, प्रिंस, कुसुम, संगीता, उन्नति आदि को प्रतिदिन की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आलोक कुमार भारती, शताब्दी वर्मा, अरुण कुमार सिंह, अमर ज्योति, पूनम यादव, चित्रावती मौर्य, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### मेडिकल टीम ने किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर के डॉक्टरों की टीम ने सोनबरसा के बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण व उपचार किया। गम्भीर समस्या से ग्रसित सात बच्चों अनामिका के चेस्ट एक्स-रे, संजू, सलोनी, संगीता, ऋषि, करन सुन्दरी आदि बच्चों के नेत्र परीक्षण कर चशमा उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर बुलाया गया। डॉ किरन कसौधन के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम वन्दना पांडेय, अमरनाथ व सुप्रिया श्रीवास्तव द्वारा बच्चों का वजन, लम्बाई का मापन किया गया साथ ही आंख, कान, नाक आदि का गहन परीक्षण करते हुए आवश्यकतानुसार पेरासिटामोल, एल्बेन्डाजोल, विटामिन- ए व आयरन की गोली दी गई। इस प्रकार कुल 96 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# आंधी-तूफान से आम की फसल को भारी नुकसान

**सीतापुर, अमृत विचार।** सोमवार को आये भीषण आंधी तूफान की वजह से सबसे अधिक नुकसान आम की फसल को पहुंचा है। आंधी-तूफान से जहां आम के कई पेड़ टूटकर गिर गये, वहीं भारी मात्रा में कच्चे आम गिर जाने से बागवानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। हाल ये है कि मंडियों में कच्चा आम पांच रूपये किलो तक बिक रहा है, क्योंकि काफी मात्रा में कच्चा आम टूट गया है और इतनी अभी ग्राहक खरीददारी भी नहीं कर रहे हैं।

मालूम हो कि सोमवार को मतदान के दिन कुछ इलाकों में जबरदस्त आंधी-तूफान आया था। जिस वजह कई पेड़ टूटकर गिर गये, वहीं मतदान भी बाधित हुआ था। ऐसे में काफी तादात में कच्चा आम टूटकर गिर गया था। जो मंगलवार को मंडियों में बेहद सस्ते दामों में बिकता दिखा।


मंडी में बिकता कच्चा आम। अमृत विचार

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रबन्ध समिति श्री पुत्तू लाल त्रिवेदी माध्यमिक विद्यालय नेवदिया, सीतापुर ने अपनी बैठक दिनांकित 27.01.2022 में सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित करके विद्यालय के प्रबन्धक विपिन कुमार शुक्ला एवं ग्राम वासी प्रमोद कुमार मिश्र व अन्य के मध्य निष्पादित इकरारनामा दिनांकित 26.12.2021 को निरस्त कर दिया है। उक्त इकरारनामा निष्पादित करने से पूर्व में समिति ने प्रबन्धक महोदय को इस कार्य हेतु अधिकृत नहीं किया था। इसी प्रकार इकरारनामा पर हस्ताक्षर करने वाले मध्यस्थ ग्राम प्रधान बसन्तू ने अपने पंचों की बिना सहमति व उनकी बिना उपस्थिति के स्वयं अपना हस्ताक्षर बना दिया है। व्यक्तिगत स्तर पर निष्पादित उपरोक्त इकरारनामा दिनांकित 26.12.2021 विद्यालय के हितों के पूर्णतया प्रतिकूल है तथा प्रबन्ध समिति इसे अमान्य व अविधिक मानकर इसे पूर्णतया अस्वीकार करती है। आज दि. 13-05-24 से विपक्षियों द्वारा अवैध निर्माण करने पर यह गज़ट करना आवश्यक है। सूचनार्थ प्रकाशित।

अध्यक्ष
लाल जी जायसवाल
श्री पुत्तू लाल त्रिवेदी माध्यमिक विद्यालय
नेवदिया, सीतापुर

